जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 161, पृष्ठ 8, मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 07 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


# अटकलें: नकवी बनेंगे उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

## केंद्रीय कैबिनेट से दो मंत्रियों का इस्तीफा, मुख्तार अब्बास नकवी और आरसीपी सिंह ने पद छोड़ा




### भाजपा के पहले मुस्लिम सांसद

15 अक्टूबर 1957 को इलाहाबाद के गांव भदारी में जन्मे नकवी ने स्नातक एवं मास कम्युनिकेशन में पोस्ट-ग्रेजुएशन किया।



**1975** में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के "संपूर्ण क्रांति" आंदोलन में सक्रिय रहे।

**17 वर्ष** की उम्र में "मीसा" कानून में नजर बंद किए गए।

नकवी भाजपा उम्मीदवार के रूप में अब तक दो विधानसभा (1991, 1993) एवं तीन लोकसभा (1998, 1999,2009) चुनाव लड़े।

**1998** में रामपुर, उत्तर प्रदेश से भाजपा के पहले मुस्लिम लोकभा सदस्य चुने गए।

- 2002, 2010, 2016 में राज्यसभा सदस्य चुने गए।
- नकवी 1998 में अटल बिहारी वायपेयी सरकार में सूचना प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री रहे।
- उनके महत्वपूर्ण कार्यों में 'डायरेक्ट टू होम' प्रसारण व्यवस्था (DTH) एवं भारतीय फिल्म क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देना शामिल हैं।
- मोदी सरकार में संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रहे।





**नई दिल्ली:** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। कैबिनेट मीटिंग के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दिया। नकवी के साथ केंद्रीय इस्पात मंत्री आरसीपी सिंह ने भी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। दोनों का राज्यसभा कार्यकाल गुरुवार को खत्म हो रहा है। नकवी को भाजपा ने पिछले दिनों हुए राज्यसभा के चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाया था, तब से ही कयास लगाए जा रहे थे कि पार्टी उन्हें किसी बड़ी भूमिका में लाना चाहती है। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का कैंडिडेट बनाया जा सकता है। नकवी अभी तक केंद्र सरकार में मंत्री रहे हैं, साथ ही वे राज्यसभा में भाजपा संसदीय दल के उपनेता भी थे।

**कैबिनेट मीटिंग के बाद नड्डा से मिले नकवी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्तार अब्बास नकवी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। हालांकि दोनों नेताओं के बीच क्या बात हुई, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है।

**जदयू कोटे से मंत्री आरसीपी सिंह का भी इस्तीफा:** मुख्तार अब्बास नकवी के साथ जनता दल यूनाईटेड के कोटे से केंद्र सरकार में मंत्री आरसीपी सिंह ने भी कैबिनेट से इस्तीफा दिया है। उन्हें भी जदयू ने राज्यसभा में अगला कार्यकाल नहीं दिया है। आरसीपी सिंह का राज्यसभा सांसद के तौर पर गुरुवार को ही अंतिम दिन है।

**पीएम मोदी ने कैबिनेट मीटिंग में की तारीफ: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हुई कैबिनेट** मीटिंग में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और आरसीपी सिंह की तारीफ की। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि आपने देश के विकास में योगदान दिया है।

**उपराष्ट्रपति उम्मीदवार होंगे नकवी!**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को उनकी राज्यसभा सदस्यता खत्म हो रही है।

नियम के मुताबिक, वह बिना किसी सदन के सदस्य होते हुए भी अगले छह माह तक मंत्री बने रह सकते थे, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ऐसे में अब नकवी के राजनीतिक भविष्य को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। नकवी अब क्या करेंगे? क्या उन्हें कोई नई जिम्मेदारी दी जाएगी?

**मुख्तार का अब आगे क्या होगा? -** भाजपा में चार बड़े मुस्लिम नेता हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, सैय्यद शहनवाज हुसैन, एमजे अकबर, जफर इस्लाम शामिल हैं। शहनवाज इस वक्त बिहार सरकार में मंत्री हैं। मुख्तार अब्बास नकवी अब तक केंद्रीय मंत्री थे वहीं एमजे अकबर और जफर इस्लाम राज्यसभा के सांसद। मुख्तार अब्बास नकवी के साथ-साथ एमजे अकबर और जफर इस्लाम का भी राज्यसभा कार्यकाल पूरा हो गया है। तीनों को भाजपा ने दोबारा सदन में नहीं भेजा। एमजे अकबर और जफर इस्लाम की ज्यादा चर्चा नहीं है, लेकिन मुख्तार अब्बास नकवी को लेकर कई तरह की कयासबाजी हो रही है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्तार अब्बास नकवी की कैबिनेट बैठक में तारीफ की थी।

## उपराष्ट्रपति का बनाया जा सकता है उम्मीदवार

**मुख्तार** अब्बास नकवी का नाम राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवारों में आगे था, लेकिन अंतिम समय में द्रौपदी मुर्मू के नाम पर मुहर लग गई। अब चर्चा है कि मुख्तार अब्बास नकवी को एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

छह अगस्त को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इसके ठीक पहले नकवी के इस्तीफे से इसकी संभावना ज्यादा बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि भाजपा इस पद पर उम्मीदवार के रूप में किसी पसमांदा मुस्लिम समाज के व्यक्ति को अवसर देने पर विचार कर रही थी, लेकिन संसदीय अनुभव वाले पसमांदा समुदाय के व्यक्ति के न मिलने पर मुख्तार अब्बास नकवी के नाम पर अंतिम सहमति बनी है। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए खेमे से मुख्तार अब्बास नकवी के अलावा नजमा हेपतुल्ला और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के नामों की भी चर्चा हो रही थी, लेकिन अंततः नकवी के नाम पर अंतिम सहमति बनती दिख रही है।

## घरेलू सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े



**नई दिल्ली:** कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों के दाम घटने के बाद अब घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतें 48 दिनों बाद फिर बढ़ाई गई हैं। इंडियन ऑयल के ताजा अपडेट के मुताबिक, नॉन-सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एक सिलेंडर पर अब आपको 50 रुपए ज्यादा देने होंगे। राजधानी दिल्ली में अब 14 किलो के सिलेंडर की कीमत 1003 रुपए से बढ़कर 1053 रुपए हो गई है। इसके पहले 19 मई को पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 3 रुपए 50 पैसे की बढ़ोतरी की थी। वहीं, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भी 8 रुपए का इजाफा किया गया था।

**1 साल में 218.50 रुपए महंगा हुआ गैस सिलेंडर:** दिल्ली में 1 जुलाई 2021 को घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 834.50 रुपए थी, जो अब 1053 रुपए पर पहुंच गई है। यानी बीते एक साल में घरेलू गैस सिलेंडर कीमत 218.50 रुपए बढ़ी है। इस पर मिलने वाली सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है।

**कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता:** कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 1 जुलाई को कटौती की गई थी। इससे दिल्ली में 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2219 रुपए से घटकर 2021 रुपए हो गई। इसी तरह कोलकाता में 2322 रुपए के मुकाबले अब यह सिलेंडर 2140 रुपए में मिलेगा मुंबई में कीमत 2171.50 रुपए से घटकर 1981 रुपए और चेन्नई में 2373 से घटकर 2186 रुपए हो गई।

## कुल्लू में बादल फटा, कई लोग बहे

**कुल्लू:** पूरे देश में मानसून आ गया है। ज्यादातर हिस्सों में बारिश जारी है। अगले चार दिन भी भारी बारिश का अनुमान है। इसके चलते पहाड़ों से लेकर तटीय इलाकों तक मुसीबतों का अंबार लग गया है। कुल्लू में बादल फटने से नाला उफान पर आ गया। कई लोगों के बहने की आशंका है। कुल्लू जिला में रात से हो रही भारी बारिश के चलते कई जगह नुकसान होने की जानकारी है। मणिकर्ण घाटी के चोज नाला में भारी बारिश के चलते बाढ़ आ गई है जिससे पार्वती नदी के किनारे बने रेस्टोरेंट और कई घर के बह जाने की जानकारी है। हादसे में 4-5 लोग लापता हो गए हैं, जबकि 2-3 लोगों के बहने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, शिमला जिले के रामपुर में भी भारी बरसात के बाद हुए लैंड स्लाइड की वजह से नेशनल हाईवे बंद हो गया।



**महाराष्ट्र: मुंबई में हाई टाइड का अलर्ट:** पूर्वी मुंबई में 58.6 मिमी, पश्चिमी हिस्से में 78.69 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अगले 48 घंटों के लिए मध्यम से भारी बारिश का अनुमान है। कई जगह पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। कुछ इलाकों में बस और लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। मंगलवार को समुद्र में ऊंची लहरें उठीं। 4 से 6 मीटर ऊंची हाई टाइड का अलर्ट जारी किया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने लोगों को समुद्र तट से दूर रहने को कहा है।

**राजस्थान: 4 दिन में ही 142 मिमी बारिश:** राजस्थान में मानसून तय समय से लेट पहुंचा है, पर ज्यादातर जिलों में बारिश सामान्य से ज्यादा रिकॉर्ड की गई। जयपुर को मानसून ने पहले चार दिन में ही तरबतर कर दिया। यहां बारिश का आंकड़ा 142 मिमी तक पहुंच गया। यह आंकड़ा सामान्य से 74% ज्यादा है। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक 6 जुलाई को कोटा, झालावाड़, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा में तेज बारिश हो सकती है। 7 और 8 जुलाई को कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, झालावाड़ और राजसमंद में भारी बारिश का अलर्ट जारी करते हुए इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## डीजीसीए ने स्पाइस जेट को नोटिस किया जारी




**नई दिल्ली:** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उड़ान सेवा प्रदाता स्पाइस जेट को नोटिस जारी किया है। हाल ही में स्पाइस जेट की कुछ उड़ानों में समस्या आई थी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ओर से जारी कारण बताओ नोटिस में स्पाइस जेट को तीन सप्ताह का समय दिया गया है। डीजीसीए ने अपनी समीक्षा में पाया है कि स्पाइस जेट एयरक्राफ्ट अधिनियम के तहत सुरक्षित और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान नहीं कर पा रहा है। नोटिस में कहा गया है कि एक अप्रैल के बाद से उसकी उड़ानों में आई दिक्कतों की समीक्षा की गई है। ऐसा पाया गया है कई बार सुरक्षा कारणों से उड़ान वापिस लौटी है या फिर कम सुरक्षा मानकों के साथ उतरी है। ज्यादातर मामले सिस्टम या किसी हिस्से से जुड़ी गड़बड़ियों से जुड़े हैं। समीक्षा में पाया गया है कि आंतरिक तौर पर सुरक्षा मानकों नजरअंदाज किया जा रहा है या फिर सही तरह से विमानों का रखरखाव नहीं किया जा रहा है।

## संकट में बोरिस जॉनसन सरकार

**लंदन:** ब्रिटेन की बोरिस जॉनसन सरकार के चार और मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को बाल एवं परिवार मंत्री विल क्विंस, कनिष्ठ परिवहन मंत्री लाउरा ट्रोट, शहरी मंत्री और ट्रेजरी के लिए आर्थिक सचिव जॉन ग्लेन और कारागार व परिवीक्षा राज्य मंत्री विक्टोरिया एटकिंस ने भी पद से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद और वित्त मंत्री ऋषि सुनाक ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अपने इस्तीफे पत्र में क्विंस ने कहा कि प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की एक राजनेता की नियुक्ति पर "गलत" ब्रीफिंग दिए ।

## पंजाब के सीएम मान दूसरी बार बनेंगे दूल्हा

**चंडीगढ़:** पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को दूसरी शादी करने जा रहे हैं। उनकी होने वाली पत्नी डॉक्टर गुरप्रीत कौर हैं। शादी की रस्में चंडीगढ़ स्थित सीएम हाउस में होंगी। 48 साल के भगवंत मान का 2015 में पहली पत्नी इंद्रप्रीत कौर से तलाक हो गया था। जिसके बाद पत्नी बच्चों को लेकर अमेरिका चली गई।



**कौन है डॉ. गुरप्रीत कौर:** सीएम भगवंत मान की होने वाली पत्नी हरियाणा के पिहोवा की रहने वाली है। उनके परिवार में 3 बहनें हैं। 2013 में गुरप्रीत कौर ने अंबाला के मुलाना मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। 2017 में उन्होंने डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी की। 2019 में उनकी मुलाकात भगवंत मान से हुई। भगवंत मान तब संगरूर से लोकसभा सांसद थे। इसके बाद वह सीएम मान के विशेष कार्यक्रमों में शामिल होती रहीं। डॉ. गुरप्रीत कौर की मान की बहन मनप्रीत कौर से पहले से जान-पहचान है। उनका परिवार में पहले से आना-जाना था।

## मां काली के पोस्टर पर मचा बवाल

**कोलकाता/मुंबई:** मां काली पर विवादित बयान देने वाली टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर दिल्ली से कोलकाता तक हंगामा मचा हुआ है। तृणमूल कांग्रेस ने भी उनके बयान से पल्ला झाड़ते हुए विवादित पोस्टर की निंदा की है। इधर, भोपाल में महुआ के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज की गई है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा- महुआ के बयान को गंभीरता से न लें। धर्म को बहस का मुद्दा बनाना ठीक नहीं है। महुआ के बयान के खिलाफ कोलकाता में बवाल भी हुआ। यहां भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया और ममता बनर्जी से उनकी सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बंगाल में भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तो यहां तक कह दिया कि अगर पैगंबर पर बयान देने को लेकर नूपुर शर्मा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करवाया जा सकता है तो ममता दीदी अपनी सांसद पर कार्रवाई से क्यों डर रही हैं? इन सबके बीच महुआ मोइत्रा ने तृणमूल को ही अपने ट्विटर अकाउंट पर अनफॉलो कर दिया है। एक ट्वीट भी किया कि वे देवी काली की उपासक हैं। वे पुलिस और गुंडों से डरने वाली नहीं हैं। कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर ने कहा- महुआ मोइत्रा ने देवी काली पर जो बयान दिया था।

### कश्मीर में एंट्री लेते ही पूरा शहर रोक दिया जाता है, हर दूसरे घर की छत पर शार्प शूटर

## अमरनाथ यात्रियों को मंत्री-मुख्यमंत्री जैसी सुरक्षा

**पहलगाम:** जम्मू और कश्मीर, राज्य के इन दो इलाकों को जोड़ती है- बनिहाल टनल। जम्मू की तरफ से जाने पर टनल पार होते ही मंजर बदलने लगता है। चौराहों, गली के मुहानों, छतों, बाजारों में सुरक्षाबलों के जवान भरपूर मात्रा में दिखने लगता है। दोपहर 2 बजे यात्रा दस्ते को गुजारने के लिए पूरे शहर का ट्रैफिक रोक दिया जाता है। 2016 में हुए पुलवामा हमले के बाद से सुरक्षाबल रोड ओपनिंग और सिक्योरिटी सैनिटाइजेशन को लेकर ज्यादा सतर्क हैं। दूसरी तरफ बारिश ने अमरनाथ यात्रियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद यात्री जहां थे, वहीं फंस गए। यात्रा भी रोक दी गई। यात्रा में शामिल मंडिदीप के फूलसिंह परमार ने बताया कि एक यात्री की हार्ट




अटैक से भवन के पास ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य यात्री घोड़े से नीचे गिर गया, जिससे सुरक्षा जवानों ने बड़ी जद्दोजहद के बाद बचाया। अमरनाथ यात्रा की खड़ी चढ़ाई में घोड़े भी गिर रहे हैं।

**30 घंटे की चढ़ाई:** लगातार 30 घंटे जब आप सीढ़ियां और पहाड़ की खड़ी चढ़ाई चढ़ेंगे तब जाकर आप पहुंचेंगे अमरनाथ की पवित्र गुफा। ऊंचाई बढ़ने के साथ-साथ ऑक्सीजन कम होगी और सांस कम मिलेगी, थकान बढ़ेगी। मौसम इतना अटपटा कि पल में धूप, दूसरे पल बारिश और तीसरे पल बर्फबारी। यह बानगी है अमरनाथ धाम की।

**हीट पैदा न हो इसलिए तय दूरी बनाई:** पहली बार बाबा अमरनाथ से भक्तों की एक तय दूरी बना दी गई है, क्योंकि भीड़ से हीट पैदा होती है। हीट को रोकने के लिए ही नई व्यवस्था बनाई गई है। अब दर्शन के लिए इतनी जगह है कि बिना भीड़ के भक्त आराम से दर्शन कर निकल सकते हैं और उन्हें इंतजार भी नहीं करना पड़ता। सुबह 6 बजे आरती होने के बाद बाबा के दर्शन शुरू हो जाते हैं, जो शाम की आरती तक जारी रहते हैं।

## बूस्टर डोज: अंतराल 9 महीने से घटाकर 6 महीने किया गया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 18 साल से ऊपर के लोगों के लिए कोविड-19 एहतियाती खुराक को लेकर अहम फैसला लिया है। मंत्रालय ने खुराक के अंतर को मौजूदा 9 महीने से घटाकर 6 महीने कर दिया है। 18 साल के ऊपर उम्र के लोग अब वैक्सीन का दूसरा डोज लगने के 6 महीने बाद एहतियाती डोज लगवा सकेंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने पत्र भी जारी किया है।



**अब तक 198.20 करोड़ खुराकें दी गईं:** देश में बीते दिन कोरोना के 16,159 नए मामले आए। इस दौरान 28 और संक्रमितों की जान भी गई। फिलहाल देश में कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.53 फीसदी है। बीते 24 घंटे में कोरोना से 737 मरीज ठीक हुए हैं। देशव्यापी कोरोना रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 198.20 करोड़ खुराकें दी।

## खबर संक्षेप

### तीन के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** परीवारिक जमीन को हडप लेने का आरोप एक महिला ने परिजनों पर लगाया है। एडीजीपी के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज हुआ है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अलाउद्दीन उर्फ जोगापुर निवासनीय संतोषी देवी स्वर्गीय बांकेलाल का आरोप है कि उसके हिस्से की जमीन जो फोरलेन पर स्थित थी।परिवार के ही लोग हडप लिए । कहीं सुनवाई न होने पर संतोषी देवी ने एडीजीपी के यहां न्याय की गुहार लगाई। एडीजीपी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने राजेन्द्र कुमार ,रवीन्द्र कुमार, छेदी लाल के खिलाफ जालसाजी फ्राड का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर मे घुसकर मारपीट तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**करछना।** क्षेत्र के मछहर उर्फ पुरवा गाव मे एक दलित परिवार के घर मे घुसकर मारपीट करने के मामले मे पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जाच पडताल मे जुटी है गाव निवासी अजबसुख आदिवासी के घर मे घुसकर मंगलवार को गाव के ही इन्द्रदेव सिह धर्मेन्द्र प्रताप और लाल प्रताप किसी बात को लेकर आदि लोग घर मे घुस आये और लाठी ड़डे मारने पीटने लगे जिससे उसे काफी चोटे आई।पुलिस ने एससीएसटी सहित कई धाराओ मे मामला दर्ज करते हुए घायल का सीएचसी करछना मे प्राथमिक उपचार कराया।

# मानव जीवन शिक्षा के बिना अधूरा : कमिश्नर

## कमिश्नर ने विद्यालय प्रांगण में किया वृक्षारोपण, पुरा छात्रों व स्कूल के मेधावियों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश



छात्रों को पुरुस्कृत करते कमिश्नर संजय गोयल

**घूरपूर।** चाका ब्लॉक के बगबना गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की कमिश्नर संजय गोयल ने गोद ले रखा है। बुधवार के दिन विद्यालय में आयोजित बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के विद्यालय परिवार ने पुरातन छात्र सम्मान व विद्यालय के मेधावियों को पुरस्कृत करने का आयोजन रखा था। बतौर मुख्य अतिथि प्रयागराज कमिश्नर संजय गोयल ने पुरा छात्रों व स्कूल के मेधावियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मानव जीवन मे यदि शिक्षा का संचार नहीं है तो मानव जीवन निरर्थक जैसा है। शिक्षा का महत्व लोग अब पहले से ज्यादा समझने लगे हैं ,अब हर घर का नौनिहाल स्कूल तक पहुंच रहा है और शिक्षा ग्रहण करने अग्रणी है। आगे उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की शिक्षा प्रणाली देख लगता है कि यदि इसी तरह सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षक जागरूक हो जाये तो निजी स्कूलों में ताले लग सकते हैं। साथ ही कहा कि यदि अभिवावक व शिक्षक चाह ले तो सभी सरकारी स्कुलो की दशा व दिशा बदल जाये और सरकारी स्कूलों में भी बेहतर पढ़ाई होने लगे। शिक्षकों व अभिवावकों को जागरूक होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्कूल के नौनिहालों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति कर अफसरों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के छात्रों की कई तरह की वैज्ञानिक प्रदर्शनियों को देख अफसर सराहना करते दिखे । कार्यक्रम में सीडीओ शिपू गिरी, सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक) मंडल प्रयागराज तनुजा त्रिपाठी, संयुक्त विकास आयुक्त मदन वर्मा,बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ,प्रधान अनीता देवी ,शिक्षिका सबा रिजवी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### वृक्षारोपण के बाद उनकी देखरेख व सुरक्षा जरूरी

कमिश्नर संजय गोयल ने कहा कि वृक्षारोपण करना बड़ी बात है ,लेकिन उन नन्हे वृक्षों को विशाल पेड़ के रूप में तैयार होने तक उनकी सुरक्षा और देखरेख भी उससे भी बड़ी जिम्मेदारी की बात है । इस लिए लोगों को वृक्षारोपण के बाद उनकी सुरक्षा करना बहुत बड़ी जिम्मेदारी का काम है।

### सम्मानित होने वालों में पुरातन छात्र जिन्हें सम्मानित किया गया

गोल्ड मेडलिस्ट नेट जेआरएफ अध्ययनरत शोध छात्र आकाश कुमार तिवारी,मयंक ओझा, काजल ओझा,कविता तिवारी आदि को कमिश्नर ने किया सम्मानित।

## न्यूज झरोखा

### मऊआइमा में पीस कमेटी की बैठक



**मऊआइमा।** आगामी बकरीद और श्रवण मास को लेकर मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। आगामी 10 जुलाई को ईदुल अजहा बकरीद का पर्व फिर उसके बाद श्रवण मास शुरू होने को लेकर बुधवार को मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने सभी लोगों को त्योहारों को भाई चारा आपसी सौहार्द पूर्वक ढंग से मनाने की अपील किए। इस अवस पर कहा गया कि बडे जानवरों की कुबार्नी स्लाटर हाउस से उसके मास को ढक कर ले जाने की अपील की गई। मास किसी भी हालत में खुला हुआ न ले जाएं । भाजपा के निमिष खत्री ने कहा कि बडे का मास मोहल्ला गंजियाबाजार से ग्राम बटहा नहीं जाता ।जिसपर बटहा के मोहम्मद सलीम ने कहा कि दुर्गा पूजा और गणेश प्रतिमा के कारण ग्रामीणों को गंजियाबाजार से मास ले जाने के लिए प्रशासन ने मना किया था। फिर दो वर्षों से कोरोना काल में घरों में कुबार्नी होती थी। जिसपर इंस्पेक्टर ने कहा कि वह मौके की जांच कर मामले को सुलझा लेंगें। पीस कमेटी की बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी मो शोएब अंसारी ,सभासद कौशर गयास, मोहम्मद नसीम, शमीम उर्फ बच्चा,तौकीर अहमद उर्फ मुन्ना ,जिला पंचायत सदस्य शमसुल, गुड्डू प्रधान , हरि मौर्या ,राजेन्द्र यादव , धर्मेन्द्र, सुखराज, इथलेश तिवारी आदि लोग मौजूद थे।

### पालीथीन इस्तेमाल का आशय असमय मौत को गले लगाना : अभिषेक सिंह पटेल



**जसरा।** मंगलवार को एस. एन. पटेल इंटर कालेज मे वृक्षारोपण एवम पालीथिन बहिष्कार करके कपड़े एवम कागज के बने थैलो के इस्तेमाल की शपथ दिलवायी गयी। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अभिषेक सिंह पटेल नें कहा कि वृक्ष हमारे देश एवम पर्यावरण की शान हैं बिना पेड़ों के स्वच्छ वायु एवम जीवन संभव नहीं हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व हैं कि कम से कम पांच पौधे अपने जीवन मे अवश्य लगाएं। आगे उन्होंने प्लास्टिक एवम पालीथीन को पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक बताते हुए उपयोग न करने का संकल्प भी लिया गया। उन्होने बताया कि पालीथीन पूरे पर्यावरण के लिए घातक हैं। प्रधानाचार्य गुलाब सिंह सिंह पटेल नें वृक्षारोपण के साथ उनके संरक्षण की वकालत करते हुए कहा कि प्रति वर्ष पेड़ तो बहुतायत मात्रा मे रोपे जाते हैं किन्तु बिना देखभाल के सूख जाते हैं उनका संरक्षण बहुत आवश्यक हैं तभी वृक्षारोपण करना सफल माना जाएगा। उक्त अवसर पर कुलदीप प्रजापति,अमित प्रताप सिंह,रवि शंकर पटेल,हरिओम यादव,सुमित प्रताप सिंह,अंचल पाल,दिलीप कुमार यादव,सूरज वर्मा, कमला पटेल,रेनू पटेल,वंदना पटेल,आयशा पाल शिक्षक सहित विद्यालय के छात्र एवम छात्राएं मौजूद रहें।

### कार ने अप्पे में मारी टक्कर अप्पे ट्रैक्टर से भिड़ी चालक घायल



**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के इरादतगंज हाईवे पर शहर की ओर जा रही अप्पे को तेज रफ्तार आ रही कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे अप्पे अनियंत्रित होकर सामने से जा रहे ट्रैक्टर से भिड़ गई जिससे अप्पे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। और अप्पे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घूरपुर कस्बा निवासी अप्पे चालक अवधेश कुमार (30) बुधवार की दोपहर स्कूल से छात्रों को घर छोड़कर इरादतगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल भराने जा रहा था कि जैसे ही इरादतगंज हाईवे पर पहुंचा कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने अप्पे में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अप्पे अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रैक्टर से भिड़ गई। जिससे अप्पे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। और अप्पे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।पुलिस ने अप्पे चालक को अस्पताल में भर्ती कराया।

# अधिवक्ता के साथ की मारपीट छीनी अंगूठी और नगदी

अखंड भारत संदेश

**करछना(** तहसील से घर जा रहे अधिवक्ता के साथ मारपीट और छीनैती का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित तहरीर देने के बाद भी न होने पर इसकी जानकारी बार के पदाधिकारियो को हुई तो थाने पहुचे और तत्काल कार्रवाई की माग की।खाई गांव निवासी अतुल श्रीवास्तव पेशे से अधिवक्ता है और बार एसोसिएशन करछना में मगलवार शाम तहसील से वापस घर लौट रहे थे अभी वह बस्तर गांव के समीप पहुंचे थे की ईंट भट्ठे के पास पहले से घात लगा कर राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना पुत्र लाल जी तिवारी निवासी बस्तर दो अन्य लोगों के साथ खड़े थे और अतुल श्रीवास्तव को देखते ही उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज देते हुए मारपीट करते हुए मोटरसाइकिल सहित जमीन पर पटक दिया और छीना झपटी करते हुए सदरी में रखा 32.200 रूपया जेब से निकाल लिया और हाथ में सोने की अंगूठी भी छिन ले गए जिसकी शिकायत तत्काल चौकी प्रभारी भीरपुर को देनी चाही लेकिन उनका मोबाइल नहीं रिसीव हुआ।जिसकी जानकारी बार एसोसिएशन अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला को दी तो उन्होने रात अधिक होने की वजह से मना करते हुए सुबह थाने पर आने के लिए कहा।जिसके बाद बुधवार सुबह अधिवक्ताओं के साथ थाने पहुंचकर शिकायत पत्र देकर अधिवक्ता की तहरीर पर मारपीट और छिनैती का मामला दर्ज करने की माग की जिसपर प्रभारी ने आश्वसन दिया कि जाच की जा रही है दोशियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी वही इस घटना को लेकर अधिवक्ताओ मे भी गहरी नाराजगी व्याप्त रही।

# कार में आया बैंक मैनेजर को अटैक, डॉक्टरों ने बचाई जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच मैनेजर संतोष कुमार श्रीवास्तव की जान डॉक्टरों की पहल पर बचा ली गई। बेटी को स्कूल से लेकर लौटते वक्त बीच रास्ते अटैक पड़ने से उनकी हालत बिगड़ गई। इसी दौरान उधर से गुजरे न्यूरो सर्जन डॉ. प्रकाश खेतान व उनके सहयोगी डॉ. आरडी सोनकर की नजर पड़ी तो उन्होंने कार में ही सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिकेशन) देकर उन्हें बचाया और फिर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। संतोष श्रीवास्तव त्रिवेणीपुरम झूंसी के रहने वाले हैं और बीओबी साउथ मलाका शाखा में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। सोमवार को वह अपनी बेटी को स्कूल से लेकर लौट रहे थे। साथ में पत्नी सुरभि भी थीं। अभी वह धोबीघाट चौराहे के पास पहुंचे थे कि तभी अचानक उन्हें अटैक पड़ा। सीने में तेज दर्द होने पर उन्होंने गाड़ी रोकी और कुछ देर बाद ही अचेत हो गए। यह देख पत्नी व बेटी स्तब्ध रह गईं। उनकी काफी कोशिशों के बाद भी वह होश में नहीं आए तो वह बिलखने लगीं। इसके बाद गाड़ी से उतरकर आने-जाने वालों से मदद मांगने लगीं। इसी दौरान डॉ. खेतान व सोनकर उधर से गुजरे। महिला व बच्ची को बिलखते देख उन्होंने वजह पूछी तो घटना का पता चला। इसके बाद फौरन ही दोनों डॉक्टरों ने बैंक मैनेजर को कार में ही सीपीआर दिया। जिससे कुछ देर बाद उन्हें होश आ गया। इसके बाद डॉक्टरों ने ही उन्हें जागृति अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया। जिससे उनकी हालत में सुधार हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर सीपीआर मिलने से ही उनकी जान बच सकी, वरना अनहोनी हो सकती थी। उधर परिवार ने दोनों डॉक्टरों का आभार भी जताया। बैंक मैनेजर की जान बचाने वाले डॉ. खेतान कई जटिल सर्जरी का कीर्तिमान बना चुके हैं। साथ ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कार्डिएक अरेस्ट होने पर सीपीआर बेहद कारगर होता है। अटैक पड़ने पर हार्ट काम करना बंद कर देता है जिससे मस्तिष्क तक ऑक्सीजन का प्रवाह रुक जाता है। ऐसे में अगर अटैक पड़ने के तीन से पांच मिनट केभीतर सीपीआर दे दी जाए तो इस स्थिति से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्डिएक अरेस्ट के ज्यादातर मामलों में समय पर सीपीआर न मिलने पर मरीज की हालत बेहद गंभीर हो जाती है। कार्डिएक अरेस्ट एक ऐसी मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें हार्ट अचानक काम करना बंद कर देता है। ऐसी स्थिति में उपचार मिलने तक सीपीआर देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। इसके तहत मरीज को आर्टिफिशियल तरीके से ऑक्सीजन दी जाती है। दरअसल तीन मिनट तक ऑक्सीजन न मिलने पर मस्तिष्क काम करना बंद कर देता है जिससे जान को खतरा हो जाता है।

### दुपहिया वाहन की टक्कर लगने से महिला की मौत

**नैनी।** थाना क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे पर मंगलवार की सुबह सड़क पार करते समय दो पहिया वाहन की टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस पहुंची, शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह तकरीबन 10:00 बजे नैनी के श्रमिक बस्ती निवासी शीला मिश्रा (50) वर्षीय किसी काम से शहर जाने के लिए अपने पति पंकज मिश्रा के साथ स्कूटी से कॉटन मिल तिराहे पर जाकर उतर गई। पंकज मिश्रा अपनी पत्नी को उतारकर वहां से 508 बेस वर्कशॉप सीओडी में नौकरी करने के लिए चले गए, और उनकी पत्नी शीला मिश्रा शहर जाने के लिए सड़क पार कर ही रही थी, कि उसी दौरान दुपहिया वाहन चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसका सिर फट गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, वहां पर उसकी गंभीर स्थिति को देखकर डॉक्टरों ने उसे शहर के लिए रेफर कर दिया। तब उसे बाई का बाग स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

# प्रा. शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का नवाबगंज में हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश



कौड़िहार ब्लाक के नवाबगंज में प्रदेश अध्यक्ष को बुके देते देवेंद्र श्रीवास्तव।

**लालगोपालगंज।** प्राथमिक शिक्षक संघ पूरे प्रदेश में बेसिक स्कूल का एक सशक्त संगठन माना जाता है। लखनऊ से विंध्याचल जा रहे प्रदेश पदाधिकारियों का कौड़िहार ब्लॉक के नवाबगंज में शिक्षक नेता एवं शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। प्रयागराज प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव को संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा के लखनऊ से विंध्याचल जाने की सूचना को प्राप्त हुई। जिनके स्वागत के लिए जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव और कौड़िहार ब्लॉक शिक्षक संघ अध्यक्ष राधे कृष्ण की अगुवाई में ब्लॉक स्तरीय नेता नवाबगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पहुंच गए। प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बुके देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानांतरण नीति, वरिष्ठत सूची और पदोन्नति जैसे अन्य मुद्दों पर जिला समेत ब्लॉक के अध्यक्षों से वार्ता की गई। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विंध्याचल के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रयागराज प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, कौड़िहार ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, मंत्री बालेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापति, विनीत सिंह यादव, होलागढ़ ब्लाक अध्यक्ष कृष्णकांत, मंत्री प्रेमचंद्र, सोरांव ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र और कोषाध्यक्ष रतीभान समेत धीरेंद्र श्रीवास्तव, बलवीर यादव, जानकी प्रसाद आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### सासद डॉ रीता जोशी व विधायक पियूष रंजन निषाद ने जलाई अखण्ड ज्योति

**करछना।** मॉ विध्यवासिनी धाम घटवा मे बिगत सात सालो से अनवरत जली रही अखण्ड ज्योति जल रही जिसमे सासद डॉ रीता जोशी और विधायक पीयूष रजन निषाद ने सातवी बार अखण्ड ज्योति जलाकर मॉ विध्यवासिनी धाम की इस परपरा को आगे बढाया।इस अवसर पर सासद ने कहा कि इस धाम को लेकर लोगो मे वर्षो से बडी आस्था है जहा पर लोग अपनी मनोकामना पूर्ती हेतु आते है और पूजा अनुष्ठान कर वृहद भण्डारे भी करते है। उन्होने मदिर के सरक्षक रमाकान्त मिश्र की प्रशसा कहा कि मदिर के रखरखाव और भव्वयता के लिए निरतर प्रयत्नशील रहे जिससे आज इस धाम को लेकर क्षेत्रीय लोगो मे बडी आस्था दिख रही है।इस मौके पर जयकृष्ण मिश्र राज कुमार मिश्रा,दीप नारायण मिश्र, हरिशकर मिश्र पुनीत मिश्रा सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा लगाया रक्तदान शिविर

अखंड भारत संदेश




रक्तदान शिविर में ब्लड देते कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज भारत सरकार के स्वयं सेवकों , युवा मंडलों द्वारा डा ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर बेली हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा लेखाकार अदनान उल्ला खान के निर्देशन में यह कैंप कराया गया। उन्होंने कहा की युवाओं को इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। पहले रक्तदाता के सैंपल चेक किया जाता है तथा स्वस्थ मानक होने के बाद ही रक्त दान कराया जाता है तथा रक्तदान उपरांत शरीर में नया खून बनता रहता है जो कि स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। इस अवसर पर कौड़िहार के स्वयं सेवक कुलदीप ने रक्तदान किया। कुलदीप मिश्र का मानना है कि रक्तदान से किसी को जीवन दान दिया जा सकता है और यह समाज और मानवता के प्रति सच्ची स्वयं सेवा है और सभी युवाओं को इस कैंप में आगे बढ़कर आना चाहिए। युवा मंडल मोहरब के अध्यक्ष प्रतीक कुमार, बहरिया से युवा मंडल प्रशांत श्रीवास्तव आदि ने रक्तदान कर के अन्य युवा मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। महिला स्वयं सेवकों सहसों की जागृति मिश्रा ने रक्तदान कर महिला मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया और महिला मंडलों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। भगवतपुर के स्वयं सेवक सुनील निषाद ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कौंधियारा के स्वयं सेवक सुभाष पांडे का 13 जुलाई को सीआईएसएफ का फिजिकल टेस्ट होने के बावजूद 1 यूनिट रक्त दान कर देश के प्रति सेवा भाव का परिचय दिया।

नेहरू युवा केंद्र के युवा मंडल राज युवा संस्थान के अध्यक्ष राम अवध कुशवाहा ने अब तक कुल 35 बार तथा राज्य प्रशिक्षक महेश द्विवेदी ने 12 बार रक्तदान किया है । राम अवध को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य रक्त संचरण परिसर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है । इस कैंप में राम अवध कुशवाहा तथा महेश द्विवेदी ने रक्तदान हेतु युवाओं को प्रोत्साहित किया और अधिक संख्या में ऐसे समाज हित , मानवता हित कैंप में प्रतिभाग करने को कहा। डाइट प्रवक्ता गोकर्ण शुक्ला ने भी इस कैंप में प्रतिभाग किया और रक्तदान किया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी , ए०के ० तिवारी ने प्रमाणपत्र प्रदान कर रक्तदाताओं को सराहा। इस कैंप में स्वास्थ्य विभाग के डी ०पी ० एम डा ० रोहित पांडेय ने सहयोग किया।

# एआईकेएमएस ने बेरोजगारी व महंगाई के विरोध में जनसभा कर किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

### जनसभा में डॉ आशीष मित्तल पर दर्ज केस वापस लेने की रही मुख्य मांग



जनसभा में विरोध प्रदर्शन करते हुए

**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने बुधवार के दिन घूरपुर के बीकर गांव में बेरोजगारी, बुखमरी मंहगाई, और सभा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड डॉ आशीष मित्तल पर दर्ज. केस को वापसी सहित कई मुद्दों की मांगों को उठाते हुए विरोध में जनसभा कर विरोध प्रदर्शन कर मांगे बुलंद की ।

अयोजित जनसभा में भूख और बेरोजगारी व बालू खनन संबंधी 24 जून 2019 का आदेश की वापसी, खनन मे मशीनी करण पर रोक, तथा मंहगाई की समस्या को दूर करने के लिए नारे लगाकर मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि, 24 जून 2019 नाव से खनन रोकने का आदेश रद्द करो, नाव द्वारा खनन चालू करो, खनन मे मशीनी करण पर रोक लगाने, खनन मे माफिया राज पर रोक, मनरेगा में पूरे साल काम दो, मनरेगा मजदूरी दर 500 करने, मजदूरों का वेतन गबन बंद करने और छूटे हुए राशन कार्ड पंजीकृत करने ,डीजल पेट्रोल के दाम आधा करने,बिजली के बढ़े दाम वापस लेने, बिजली में प्रीपेड योजना रद्द करने ,300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त करने, गांव में दिए जा रहे सरकारी रोजगार में न्यूनतम वेतन 25हजार रुपए करने, अग्निपथ योजना रद्द करने, बुलडोजर से भवन ध्वस्तीकरण नीति बंद करने आदि की विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार से अपनी मांगे बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए एआईआईएमएस के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डॉ आशीष मित्तल पर दर्ज केस को फर्जी बताते हुए निंदा की और मांग की इस केस को वापस लिया जाए। साथ में आंदोलनरत मजदूरों पर पूर्व में दर्ज हुए सभी पुराने केस वापस लेने की भी मांग उठाई। और लोगों से इन मांगों पर लड़ने के लिए अपील की। जनसभा में सैकड़ों लोगों ने तख्तियों में विभिन्न प्रकार के लिखे स्लोगन को लेकर लोग नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते रहे। सभा को मुख्य रूप से कॉमरेड विनोद निषाद व सुरेश निषाद आदि ने संबोधित किया। सभा मे राममूरत निषाद , संजय निषाद,दीपचंद निषाद, विष्णू निषाद, राम आसरे, अनिल, राजेंदर, विमला देवी, अनारकली, सुनीता, विटोला, शोभा देवी, रीता देवी, गुलाबकली आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन की पहल पर डीहा में अभयराज के परिवार का चूल्हे पर बना खाना

**करछना।** क्षेत्र के डीहा गाव मे बीते दिनो त्रंतमंत्र के फेर मे एक परिवार मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया था। जिसके परिवार के लोगो को इलाज के लिए शहर मे भर्ती कराया गया था जहा से वापस आने के बाद परिवार के लोगो के खाने आदि की व्यवस्था प्रशासन और ग्राम प्रधान के द्वारा कराई गई थी लेकिन अभी वे लोग गगाजल का ही पानी पी रहे है और घर के सामने लगे हैंडपम्प का पानी नही पी रहे है उनका कहना है कि सरकार की ओर से जो व्यवस्था की जाएगी वही हम लोग इस्तेमाल करेगे। बुधवार को परिवार के लोग गंगा जी पानी लाकर चूल्हे पर खाना बनाया और उसी का ही सेवन किया और खाने के बाद पानी भी गंगा का ही पीये उ?के रिस्तेदारो का कहना है कि चारपाई कपडे व गैस सिलेण्डर आदि की वव्वस्था कर दी जाए जिससे उनकी स्थिति मे सुधार हो जाए वे सामान्य लोगो की तरह जीवन यापन करने लगे।

# अटाला बवाल का पाक कनेक्शन व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़े थे दो युवक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अटाला में 10 जून को जुमे पर हुए बवाल में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। 26 दिन बाद घटना का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। पोस्टर से चिह्नित कर गिरफ्तार किए गए करेली के इमरान से पूछताछ में पता चला है कि 10 जून को भारत बंद के आह्वान का मैसेज ह्यमसलक-ए-आला-ए हजरतह्न नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये भी भेजा जा रहा था।सबसे खास बात यह कि इस ग्रुप में दो पाकिस्तानी युवक भी जुड़े हैं, जो व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिये ग्रुप के कुछ सदस्यों के संपर्क में बने हुए थे। यह खुलासा होने के बाद पुलिस अफसरों के कान खड़े हो गए हैं। फिलहाल इमरान को जेल भेज दिया गया है और जल्द ही उसका मोबाइल फोरेंसिक जांच के लिए लैब में भेजने की तैयारी है।22 साल का इमरान करेली मस्तान मार्केट में रहता है और वर्तमान में गोलपार्क स्थित जामिया हबीबी मदरसे में पढ़ता है। पहले वह खुल्दाबाद स्थित गरीब नवाज मदरसे में पढ़ चुका है। पुलिस ने अटाला में उपद्रव करने वालों के जो पोस्टर जारी हुए, उनमें उसकी भी तस्वीर थी। पोस्टर के जरिये ही करेली पुलिस ने उसे चिह्नित किया और एक दिन पहले उसे गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह ह्यमसलक-ए-आला-ए हजरतह्न नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ा हुआ है।जिस पर 10 जून को ह्यभारत बंदह्न के आह्वान के साथ ही अटाला में जुटकर विरोध प्रदर्शन से संबंधित मैसेज भी आया था। इसे ही पढ़कर वह 10 जून को अटाला पहुंच था और इसकेबाद भीड़ में शामिल होकर पुलिस पर पथराव किया था। करेली इंस्पेक्टर अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उधर एक अफसर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ बेहद अहम जानकारियां उससे पूछताछ के दौरान सामने आई हैं। जांच पड़ताल की जा रही है।

**व्हाट्सएप चैट की पड़ताल में खुलासा :** सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकेमोबाइल की जांच की। व्हाट्सएप चैट खंगालने पर पता चला कि इमरान जिस ग्रुप से जुड़ा हुआ था, उसमें पाकिस्तान के भी दो लोग जुड़े हैं। यह लोग व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए ग्रुप के कुछ सदस्यों से संपर्क में बने रहते थे। यही नहीं 10 जून से पहले उन्होंने इमरान से भी बात की थी। इस ग्रुप में समुदाय विशेष केलिए उकसाने वाले भाषण देने वाले एक व्यक्ति के कई वीडियो भी पड़े हुए थे।

**कई चैट, मैसेज डिलीट भी मिले :** पुलिस सूत्रों का कहना है कि इमरान के व्हाट्सएप से कई चैट व मैसेज डिलीट भी मिले हैं। इस बारे में पूछताछ की गई लेकिन वह ज्यादा जानकारी नहीं दे पाया। डिलीट किए गए चैट, मैसेज में क्या लिखा था या यह किससे संबंधित थे, इस बारे में डाटा रिकवरी के बाद ही कुछ पता चल सकेगा। फिलहाल इसकी कोशिश की जा रही है। उसका मोबाइल जल्द ही फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आरटीओ के नोटिस से स्कूलों में मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** बिना परमिट और वैध पेपर के स्कूली बच्चों को लेकर दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई के लिए आरटीओ ने 857 स्कूलों को नोटिस भेजा है। इससे स्कूलों में हड़कंप मचा हुआ है। एआरटीओ अलका शुक्ला ने बताया की मार्च-अप्रैल में चले अभियान के तहत वाहनों के लिए संबंधित स्कूलों को नोटिस भेजा गया था। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि उचित पेपर के बगैर और मानक के विपरीत वाहन चलाने पर गाड़ियों का परमिट निरस्त कर दिया जाएगा।

### पूर्व फौजी ने दर्ज कराया मुकदमा

**प्रयागराज।** जार्जटाउन के रहने वाले पूर्व फौजी मनोज पांडेय ने झूंसी के अधिवक्ता अभिषेक तिवारी के खिलाफ मारपीट, गाली देने और हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि 29 जून को वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ ई-रिक्शा से कटरा बाजार जा रहे थे। रास्ते में फ्लाईओवर सब्जी मंडी के पास बाइक सवार अधिवक्ता गलत साइड से आकर सट गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसे चोट आ गई और खून बहने लगा। भीड़ एकत्र होने पर आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी झूंसी का अभिषेक तिवारी है।

# अधिवक्ताओं ने रोडवेज ड्राइवर को जमकर पीटा नाराज रोडवेज कर्मचारियों ने किया चक्काजाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के सिविल लाइंस में रोडवेज के ड्राइवर को अधिवक्ताओं द्वारा पीटने से नाराज कर्मचारियों ने चक्का जाम कर दिया , जिससे घंटों अफरा-तफरी मची रही । सूचना पर पहुंची पुलिस की मान मनोबल के बाद कर्मचारियों ने चक्का जाम खत्म किया । वहीं रोडवेज ड्राइवर विवेक कुमार की तहरीर के आधार पर अधिवक्ता शशांक शुक्ला सहित 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफ आई आर दर्ज किया गया है ।

**दोपहर में शशांक शुक्ला ने दी थी तहरीर :**

अधिवक्ता शशांक शुक्ला दिन में सिविल लाइंस की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर जा रहे थे उन्होंने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी कि ड्राइवर विवेक कुमार की रोडवेज बस ने उनकी बाइक को साइड मार दिया । जब उन्होंने इसका विरोध किया तब ड्राइवर की ओर से अभद्रता व मारपीट की गई अधिवक्ता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर सिविल लाइंस पुलिस ने दोपहर में ड्राइवर विवेक कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया था ।



सिविल लाइंस बस स्टैंड पर लगी भीड़

**बस की लोकेशन लेकर पहुंचे 40 की संख्या में अज्ञात लोग :**

ड्राइवर विवेक कुमार के तहरीर के अनुसार विवेक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सुबह प्रयागराज से सुल्तानपुर बस लेकर गया था वहां से शाम को जब वापस आया तो सिविल लाइन बस स्टॉप के पास अधिवक्ता से शशांक शुक्ला सहित 40 अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारते हुए सिविल लाइंस थाने की ओर ले गए वहीं सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ने बताया कि ड्राइवर विवेक की तहरीर के आधार पर अधिवक्ता शशांक शुक्ला सहित 40 अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सीसीटीवी के आधार पर उपद्रव करने वाले लोगों की पहचान कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या में वांछित चार अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल

**कोरांव/ रत्योंरा।** कोरांव पुलिस ने हत्या में वांछित बाल अपचारी समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञातव्य हो कि डडिया गजाधरपुर गांव में एक युवक की पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी जिसमें वांछित अपराधी फरार चल रहे थे। मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस ने बाल अपचारी समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजकुमार विश्वकर्मा पुत्र बेनी माधव विश्वकर्मा, संतोष कुमार विश्वकर्मा पुत्र मदन लाल विश्वकर्मा, मोहित लाल विश्वकर्मा पुत्र रामसहाय विश्वकर्मा, व एक बाल अपचारी निवासीगण डडिया गजाधारपुर शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामकुमार व मोहितलाल पर इसके पूर्व भी थाने में मामले दर्ज हैं। उक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल प्रभाकर सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र विक्रम, कांस्टेबल संदीप कुमार शामिल रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर फिर गरजा पीडीए का बुलडोजर

**अवैध प्लाटिंग में हुए सैकड़ो अर्ध निर्मित निर्माण गिराए गए**



अवैध प्लाटिंग में हुए निर्माण को पीडीए ने ढहाया

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पीडीए का तोडू दस्ता बुधवार को जेसीबी के साथ झूंसी पंहुचा तो भूमाफियाओं के साथ अवैध प्लाटरो व प्लाट खरीदारों में हड़कंप मच गया। पीडीए ने कार्यवाही करते हुए 30 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग में बने सैकड़ो निर्माण को बुलडोजर से ढहाया दिया। पीडीए के जोनल अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में बुधवार को पीडीए का तोडू दस्ता जेसीबी के साथ उस्तापुर महमूदाबाद उपरहार में लाल बाबा आश्रम क्षेत्र में हरिश्चंद्र यादव द्वारा व राम लखन यादव उर्फ पतेला द्वारा की गई अलग अलग स्थानों पर 30 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग में बनी बाउंड्री, पिलर सहित सैकड़ों अस्थाई व स्थाई निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया गया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के भूमाफिया व अपराधियों में हड़कंप मचा रहा। चिड़िया की कार्यवाही के दौरान मौके पर भी प्लाट खरीदने वालों के साथ स्थानीय लोगो की भीड़ जमा रही।

## आप पार्टी के यूथ विंग के जिलाअध्यक्ष विशाल यादव एवं विकास तिवारी बने महानगर अध्यक्ष







**नैनी।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तीन छात्र नेताओं को प्रमुख जिम्मेदारी मिली छात्र अंकित परिहार को प्रदेश महासचिव विशाल यादव को जिलाध्यक्ष एवं विकास तिवारी को महानगर अध्यक्ष आम आदमी पार्टी युवा प्रकोष्ठ आप यूथ विंग (अ ह ) का बनाया गया है 'युवा नेताओं की इस उपलब्धि पर महानगर सर्वेश यादव ने बताया जिले में खुशी की लहर दौड़ पड़ी ' वही आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने अंकित परिहार विशाल यादव एवं विकास तिवारी को बधाइयां व निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह जी का एवं शीर्ष नेतृत्व के समस्त पदाधिकारियों का आभार व धन्यवाद व्यक्त करते हुए इन तीनों साथियों ने कहाआप यूथ विंग (अ ह) की प्रेरणा से शैक्षिक एवं वैचारिक उड्डयन के क्षेत्र में कार्य करने वाले साथियों से जुड़कर समाजहित के कुछ सकारात्मक और रचनात्मक करने का शुभ अवसर प्रदान करने के लिए संगठन के शीर्षजनों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं मैं संगठन में पूर्ण निष्ठा रखते हुए अपने दायित्व का तन्मयता के साथ व कुशलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा।

## 18 जुलाई से एक बार फिर से शुरू होगी कानपुर इंटरसिटी

**प्रयागराज।** बीते सवा 2 साल से बंद चल रही कानपुर इंटरसिटी का संचालन एक बार रेलवे फिर से शुरू करने जा रहा है। 18 जुलाई से इसका संचालन शुरू हो जाएगा। अमर उजाला द्वारा इस ट्रेन को एक बार फिर से शुरू करने का मुद्दा पिछले दिनों उठाया गया था। इसका असर यह रहा कि मंडल रेल उपयोगकर्ता समिति की बैठक में भी सदस्यों द्वारा कानपुर इंटरसिटी का संचालन शुरू कराने की बात जोरदार ढंग से रखी गई। तब रेल प्रशासन द्वारा भी आश्वस्त किया गया कि वह इस संबंध में विचार करेगा।फिलहाल उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा कानपुर से प्रयागराज जंक्शन के रास्ते चित्रकूट जाने वाली इंटरसिटी की संचालन की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। पहले की तरह ट्रेन सुबह कानपुर से 6:00 बजे चलकर 9:15 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। यहां 5 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन मानिकपुर के रास्ते दोपहर 12:00 बजे चित्रकूट पहुंच जाएगी। वापसी में चित्रकूट से ट्रेन दोपहर 3:55 बजे चलकर शाम 6:20 बजे प्रयागराज एवं रात 9:50 बजे ट्रेन कानपुर सेंट्रल पहुंच जाएगी।

# डिप्टी सीएम बोले, डॉ. दीपेंद्र की पत्नी आभा सिंह को प्रयागराज में ही मिलेगी स्थायी नौकरी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** तेरहवीं के बाद तबादला पाने वाले सर्जन डॉ. दीपेंद्र सिंह की पत्नी डॉ. आभा सिंह को प्रयागराज में ही स्थायी नौकरी मिलेगी। दिवंगत चिकित्सक की पत्नी और बच्चों से मिलने मंगलवार को उनके घर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने यह घोषणा की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और चिकित्सक के पुत्र को अपने पास बुलाकर दुलारा। डिप्टी सीएम ने पत्नी और भाई से कहा कि सरकार इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है। मौत के बाद किए गए तबादले की जांच कराई जा रही है। इसके लिए जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। लिवर संक्रमण के इलाज के लिए पांच साल से तबादला मांग रहे डॉ. दीपेंद्र की तेरहवीं के बाद हुए तबादले पर किरकिरी से बचने के लिए सरकार अब जख्मों पर मरहम लगाने में जुट गई है। एक दैनिक अखबार में इस खबर के प्रमुखता से प्रकाशित होने बाद न सिर्फ सरकार ने तबादले में हुई इस गड़बड़ी की जांच का आदेश दिया, बल्कि मंगलवार की दोपहर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक अल्लापुर स्थित दिवंगत चिकित्सक दीपेंद्र के परिजनों के आंसू पोछने उनके घर पहुंचे। वहां उन्होंने पत्नी डॉ. आभा सिंह और भाई हेमेंद्र सिंह से मिलकर तेरहवीं के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी हुए डॉ. दीपेंद्र के तबादला आदेश की जांच शुरू कराने की जानकारी दी। डिप्टी सीएम ने परिजनों को ढांढस बंधाया। डॉ दीपेंद्र के पुत्र को अपने पास बुलाकर बैठाया और उसे भी सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने संकट की घड़ी में दीपेंद्र के परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि डॉ. दीपेंद्र की पत्नी को सरकार कब तक नौकरी देगी?डिप्टी सीएम का कहना था कि जल्द ही प्रयागराज में ही उनको सरकार पक्की नौकरी देगी। इस मौके पर डीएम संजय खत्री, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नानक सरन, डॉ. शार्दूल सिंह, डॉ. अशोक अग्रवाल, इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुजीत सिंह, एएमए के उपाध्यक्ष डॉ. राजेश मौर्या, एएमए के सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. युगांतर पांडेय, एसआरएन में कोरोना के नोडल अफसर डॉ. उत्सव सिंह, आई सर्जन डॉ. अतुल दुबे समेत कई चिकित्सक और अधिकारी मौजूद थे।



मृतक डॉक्टर के परिजन से मिलते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

### चिकित्सकों के तबादले में मनमानी की जांच रिपोर्ट का इंतजार, गिरेगी गाज

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिवंगत डॉ. दीपेंद्र के तबादले समेत चिकित्सकों की तबादला सूची में विसंगतियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच रिपोर्ट का उन्हें इंतजार है। तबादला सूची समेत अन्य दस्तावेज अपर मुख्य सचिव से मांगे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।



# बीएड परीक्षा शुरू, निरीक्षण पर निकले डीएम-एसएसपी

**प्रयागराज।** मंडल के 168 केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुधवार सुबह नौ बजे शुरू हो गई। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को शुचितापूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए। एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से कराई जा रही परीक्षा के लिए 62,539 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा की जिम्मेदारी प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) को सौंपी गई है। नोडल अधिकारी प्रो. विवेक कुमार सिंह के अनुसार प्रयागराज के 109 केंद्रों पर सर्वाधिक 41,700 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। कौशाम्बी के 15 केंद्रों पर 5049, प्रतापगढ़ 31 केंद्रों पर 11700 और फतेहपुर के 13 केंद्रों पर 4090 परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। हर सेंटर पर परीक्षा के दौरान एक-एक पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है।

## बैंक गारंटर बन 22 लाख की चपत लगाई

**प्रयागराज।** राजापुर के रहने वाले अंजनी कुमार पांडेय को पुणे के हरीश चंद्र तिवारी ने बैंक गारंटर बनने का झांसा देकर 22 लाख रुपये की चपत लगाई है। कोर्ट के आदेश पर अंजनी ने हरीश के खिलाफ कैंट थाने में फजीर्वाड़ा और ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उनकी फर्म को राजस्थान में बड़ा टेंडर मिला था। वहां पर हर साल एक करोड़ पांच लाख रुपये जमा करना था। इसके साथ ही एक बैंक गारंटर चाहिए थे। अंजनी ने अपने एक परिचित व्यक्ति की मदद से संपर्क किया। आरोप है कि हरीश ने अपनी कंपनी के नाम पर गारंटर बनने के लिए पेपर दिए और बदले में 22 लाख रुपये कमीशन लिया।

**खड़ी ट्रक मे घुसा बाइक सवार गंभीर, जिला अस्पताल रेफर**

**मेजा रोड।** नेशनल हाइवे-76 पर मनु का पूरा पेट्रोल पंप के समीप खड़ी ट्रक में बाइक घुस गई जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवक उमेश पुत्र कल्लन प्रसाद हरिजन व अनुप कुमार पुत्र उमेश कुमार निवासी नहवाई, थाना माण्डा के हैं। सूचना पर कोतवाल मेजा धीरेंद्र सिंह मयफोर्स घटना स्थल पर पहुंच दोनों घायलों को अपनी जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गये जहां से दोनों को स्वरूपरानी हास्पिटल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।

# मनमानी बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

अखंड भारत संदेश

**बिजली आपूर्ति के रोस्टर की उड़ रही धज्जियां**

**रत्योंरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र में मनमानी बिजली कटौती से उपभोक्ता उमस भरी गर्मी में परेशान हैं। विभाग की मनमानी का आलम यह है कि जब जी चाहता है तब बिजली काट देते हैं जब जी चाहता है तब चालू कर देते हैं। रोस्टर से उनका कोई लेना देना नहीं है। कोरांव क्षेत्र में इन दिनों दिन व रात दोनों समयों में बिजली कटौती जारी है। जिससे इस उमस भरी गर्मी में जहां लोग परेशान हैं वहीं उन्हें रात के अंधेरे में भी रहना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों के हालात यह है कि शाम होते ही बिजली काट दी जाती है। रात 10 बजे के बाद आपूर्ति चालू की जाती है। जिससे स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। विद्युत सब स्टेशन कोरांव हो या देवघाट फीडर, लेडियारी फीडर, एवं खीरी तथा लालतारा फीडर में मनमाने तरीके से बिजली कटौती जारी है। कभी-कभी तो लोग पीने के पानी के लिए भी परेशान दिखते हैं, किंतु बिजली विभाग को लोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें सरकार के निर्देशों का पालन भी नहीं करना है। रोस्टर की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के बेपरवाह एवं मनमाने अधिकारियों पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिससे उपभोक्ता आक्रोशित हैं।

### जर्जर हो चुके बिजली के तार आबाध आपूर्ति में बन रहे बाधक

कोराव तहसील क्षेत्र में जर्जर हो चुके बिजली के तार भी अबाध बिजली आपूर्ति में बाधक बन रहे हैं। सप्लाई चालू रहती है जर्जर हो चुके तार कर कहीं जमीन पर गिर जा रहे हैं तो कहीं फ्यूज उड़ जाता है। बिजली के जर्जर तारों से आए दिन क्षेत्र में घटनाएं व दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सप्ताह भर पूर्व कोरांव थाना क्षेत्र के अमिलिया पाल गांव में बिजली करंट से एक साथ तीन लोगों की मौत हो गई थी और एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया था। इसी प्रकार कोलसरा गांव में भी एक महिला की बिजली करंट से मौत हो चुकी है। बावजूद इसके विभाग जर्जर तारों को लेकर मूकदर्शक बना हुआ है। साथ ही मनमानी बिजली कटौती कर रहा है। जिससे क्षेत्र के लोगो में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।

### गींज गांव का जला ट्रांसफार्मर, ग्रामवासी परेशान

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र गींज गांव का ट्रांसफार्मर पद्रह दिनों से जला हुआ है बिजली विभाग के अधिकार पहले बिल जमा करने की बात ग्रामीणों से कही ग्रामीण लालजी पांडे रामकिशन आदिवासी ममता वर्मा सूबेदार वर्मा भुनेश्वर सिंह अशोक साहू वीरेंद्र सिंह सूर्य नाथ पांडे भगौती पांडे अमर बहादुर सिंह महेश दुबे अम्मे आदिवासी ने बिल जमा कर दिया उसके बाद भी ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया ग्रामीणों ने बताया अधिकारी आज कल में बदलने बात कह रहे हैं अगर जल्द ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया तो अंधेरे में रहने को मजबूर हो जायेगी गींज गांव के ग्रामीण।

# धान क्रय एजेंसी ने 87 किसानों में एक का किया भुगतान बाकी में मायूसी

अखंड भारत संदेश

**मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड उप मंडी कोरांव के क्रय केंद्र का मामला, भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**रत्योंरा।** मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड उप मंडी क्रय केंद्र कोराओं पर अपनी धान बेंच चुके किसान 6 महीने बाद भी भुगतान की बाट जोह रहे हैं। मां तारा किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड उप मंडी क्रय केंद्र कोरांव के द्वारा कुल 87 किसानों से तकरीबन चार हजार कुंतल धान की खरीद की गई है। जिसमें महज एक किसान के पैसे का ही भुगतान किया है। बाकी किसान मायूस होकर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। किसानों की गाढ़ी कमाई व खून पसीने की मेहनत से उपजाई गई फसल का भुगतान न मिलने से जहां उनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ साथ पुनः खरीफ फसल की खेती करने के लिए किसान कर्ज के बोझ से बोझिल हो रहे हैं। मामले की शिकायत सहायक विपणन अधिकारी से किसानों ने शिकायत की है, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्र एजेंसी का जिला प्रबंधक किसानों का फोन भी नहीं उठाता है। जिससे किसान चिंतित और परेशान हैं। किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन एवं मंडलायुक्त प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज, समेत प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद व कई उच्चाधिकारियों से शिकायत करते हुए किसानों के धान के बकाए पैसे का शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की है।

# जनसेवक, जनप्रतिनिधि के विकास की सोच को जनता सलाम करती है : नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** चुनावी जीत हार एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन किसी भी जन सेवक या जन प्रतिनिधि की विकास की सोच और जज्बे को जनता सलाम करती है । निवर्तमान विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने मेजा क्षेत्र के विकास के लिए जो अमलीजामा पहनाने में कुछ देर जरूर हुई लेकिन शासन की हरी झंडी मिलने के साथ धन अवमुक्त होने से उनका प्रयास साकार हो रहा है।क्षेत्र के भईयां काली सड़क से सुकाठ कुशवाहा बस्ती होते हुए प्राइमरी पाठशाला धरावल तक संपर्क मार्ग जिसकी लम्बाई करीब तीन किमी है उस पर शासन की हरी झंडी मिल गयी है। राज्य सड़क योजना के तीन किलोमीटर लंबे मार्ग के कार्य पर मंजूरी दे दी थी प्रयास किए थे उन्हें लिए शासन की हरी झंडी तहत बनाए जाने वाले मार्ग पर कुल लागत 1. 23 करोड मंजूर हुआ है। इसके सापेक्ष 24.69 लाख रुपये अवमुक्त हो गया हैं। काफी समय से चल रही मांग पर निवर्तमान विधायक ने अपने कार्यकाल में प्रस्ताव दिए थे। शासन ने बीते 27 दिसंबर को लेकिन चुनाव आचार संहिता की वजह से इस पर रोक लगा दी गयी थी । श्रीमती करवरिया चुनाव हारने के बाद भी विकास के प्रति सक्रियता बनाए हुए हैं, जिसका नजीर यह संपर्क मार्ग है, जिसका कार्य शुरू हो चुका है श्रीमती करवरिया ने एक चर्चा के दौरान कहा कि मेजा मेरा राजनीतिक कार्य क्षेत्र है। यहां की माटी में रच बस गयी हूँ और क्षेत्र के लोगों से मेरा पारिवारिक सम्बन्ध है।




## वृहद वृक्षारोपण से फैलेगी हरियाली

**प्रयागराज।** बुधवार को महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में महावीर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन बीएड एवं महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में लगभग 340 पौधों को संस्थान परिसर में लगाया गया प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण प्रेमी डॉ पंकज त्रिपाठी सचिव महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने पौध रोपित किया इस अवसर पर भूत पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ राकेश धर त्रिपाठी जी एवं इंजीनियर प्रणब त्रिपाठी जी द्वारा भी पौध रोपित किए गए बीएड प्रचार डॉक्टर ताराशंकर सिंह एवं डॉक्टर हेमलता चतुर्वेदी एवं शिक्षकों संस्थान के विद्यार्थियों ने भी पौध रोपित किया इस अवसर पर भूतपूर्व मंत्री ने संबोधन में कहा कि आज धरा को अगर किसी वस्तु की आवश्यकता है तो वह है वृक्ष अंत में डॉ पंकज त्रिपाठी जी ने सभी से अप्रतिम सहयोग की सराहना की यह जानकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजय सिंह ने दी।

# सगे भाइयों की मौत की वजह कहीं जहरीली शराब तो नहीं!

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यमुनापार के नैनी क्षेत्र में शराब पीकर घर पहुंचे दो सगे भाई कल्लू और धनराज की सोमवार रात संदिग्ध दशा में मौत हो गई मंगलवार की शाम को घर वालों ने बिना पोस्टमार्टम के ही गंगा के अरेल घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया यहां तक कि यह बात नैनी पुलिस को भी जानकारी नहीं दी गई । वहीं स्थानीय लोग जहरीली शराब से मौत की आशंका जता रहे हैं लेकिन परिवार वालों ने कोई आरोप नहीं लगाया है । 42 वाहिनी पीएसी परिसर में सफाई कर्मचारी भैरव रहता है उसका 35 वर्षीय बड़ा बेटा कल्लू और छोटा बेटा धनराज 32 वर्ष जो कल्लू अशोक टॉकीज चौराहे के समीप झोपड़ी बनाकर रहता था धनराज अपनी पत्नी और बच्चों के साथ काशीराम आवास योजना में रहता था।

### दोनों भाइयों ने पीथी एक साथ शराब

स्थानीय लोगों का कहना है कि सोमवार की शाम महरा का पुरवा मोहल्ले में दोनों भाइयों ने एक साथ शराब पी उसके बाद अपने अपने घर चले गए देर रात उनकी तबीयत खराब हुई तो परिवार वाले परेशान हो गए आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।

### पुलिस को बताया नहीं कर दिया अंतिम संस्कार

मंगलवार को सगे भाइयों की मौत की खबर फैलते ही उनके परिवार के लोग शाम को दोनों सव लेकर अरेल घाट पहुंचे और अंत्येष्टि कर दी इस संबंध में भैरो से मिलकर बात करने की कोशिश की गई लेकिन पीएसी के अधिकारी मिलने नहीं दिए पीएसी के क्वार्टर मास्टर सुभाष मौर्य ने सिर्फ इतना ही कहा कि भैरव के दो बेटों की मौत हुई है।

# 31 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

## 11700 परीक्षार्थियों में पहली बेला में 810 व दूसरी बेला में 805 रहे अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई जिसमें जिले भर में 11700 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें प्रथम बेला में 810 और दूसरी बेला में 805 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बता दें कि इस बार रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय 17 विश्वविद्यालयों की परीक्षा करा रहा है जिसमें क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने जिले में उपनोडल अधिकारी चंद्र प्रकाश की नियुक्ति की है। इसके अलावा जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के स्तर से स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी परीक्षा में सक्रिय देखे गये। हर परीक्षा केन्द्रों पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये थे तथा परीक्षार्थियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक विधि से ली गई। बीएड प्रवेश परीक्षा के समन्वयक डा0 बृजभानु सिंह ने बताया कि जिले में सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद की टीमें बराबर परीक्षा केन्द्रों की निगरानी करती रही। दो-दो परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्बन्धी सामग्री पहुंचाने के लिये एक-एक केन्द्र प्रतिनिधि लगाये गये थे। नगर में तिलक इंटर कालेज, एमडीपीजी कालेज, केपी कालेज, पीबी स्नातकोत्तर कालेज पर प्रातः बेला से ही परीक्षार्थी आने लगे थे। बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।


केपी कालेज में परीक्षा में प्रवेश करते परीक्षार्थी।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न, प्रशासनिक व्यवस्था दिखी मुस्तैद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर बुधवार को परीक्षा केन्द्रों के निकट गहमागहमी का माहौल दिखा। हालांकि पुलिस व प्रशासन की कडी मशक्कत के साथ परीक्षा केंद्रो पर आंतरिक व्यवस्था भी मुस्तैद दिखी। नगर के तीन परीक्षा केन्द्रों पर हुई परीक्षा सकुशल हो जाने के बाद प्रशासन को राहत की सांस लेते देखा गया। बरेली के महात्मा ज्योतिबाफुले विश्वविद्यालय के निर्देशन मे यहां हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज तथा रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज व अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज मे सुबह व शाम की पाली में संयुक्त प्रवेश परीक्षा मे प्रशासन की ओर से कडे इंतजाम नजर आये। बहुगुणा पीजी कालेज मे पांच सौ पंजीकृत परीक्षार्थियों मे बीस, रामअंजोर मिश्र इण्टर कालेज में चार सौ परीक्षार्थियो मे से तीस तथा अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज में तीन सौ मे से अटठाईस पंजीकृत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंन्द्रो को पूरी तरह पुलिस छावनी मे तब्दील देखा गया। वहीं एसडीएम सौम्य मिश्र, सीओ रामसूरत सोनकर व कोतवाल कमलेश पाल दिन भर भारी फोर्स के साथ परीक्षा केन्द्रों की प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने मे हलाकान दिखे।

## राशन की दुकान पर 20 जुलाई तक बनवाएं निःशुल्क गोल्डेन कार्ड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी गिरेन्द्र मोहन शुक्ला ने जनपद के समस्त अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को सूचित किया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अन्तर्गत 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा हेतु 05 जुलाई से 20 जुलाई तक गोल्डेन कार्ड बनाये जाने का अभियान शासन द्वारा चलाया जा रहा है। अभियान की अवधि के मध्य लाभार्थी अपना अन्त्योदय राशन कार्ड व आधार कार्ड सरकारी राशन की दुकान पर ले जाकर निःशुल्क गोल्डेन कार्ड बनवा सकते है। परिवार के प्रत्येक सदस्य का पृथक से गोल्डेन कार्ड बनाया जाना है, इसलिये परिवार के प्रत्येक सदस्य को साथ लाना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये कोटेदार अथवा ग्राम/वार्ड की आशा/आंगनबाड़ी कार्यकत्री से सम्पर्क किया जा सकता है।

## पत्रकार की माता के निधन पर शोक

**प्रतापगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार अमितेंद्र श्रीवास्तव की माता का लंबी बीमारी के बाद आज मेडिकल कालेज लखनऊ में निधन हो गया। उनके निधन पर पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। बता दें कि वह कुछ दिनों से बीमार थी। आज सुबह उनके निधन का समाचार शहर में फैला तो लोग उनके घर पहुंचना शुरू किये। पत्रकारों में शैलेन्द्र मिश्र, अश्विनी सिंह, शिवमोहन शुक्ला, सुमित मिश्र, हरिकेश मिश्र, रमेश त्रिपाठी, राजन शुक्ला आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# जयंती पर याद किये गये डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी

## भाजयुमो ने साथियों संग किया माल्यार्पण


फोटो 4-डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजयुमो

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर चिलबिला स्थित प्रतिमा पर युवा मोर्चा साथियों के साथ माल्यार्पण किया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक शिक्षाविद चिंतक के रूप में विख्यात थे।

श्यामा जी अल्पायु में ही विद्याध्यायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित की सामाजिक धर्म के आधार पर विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वह मानते थे कि विभाजन संबंधी उत्पन्न हुई परिस्थितियां ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी। वह मानते थे कि आधारभूत सत्य है कि हम सब एक हैं। एक ही भाषा एक ही संस्कृति एक ही हमारी विरासत है, इसके समर्थक थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शुभम सिंह, महामंत्री नितेश श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष रोहित सिंह, राहुल मौर्या, सदर अध्यक्ष प्रिंस पांडे, सोशल मीडिया प्रमुख रितेश सिंह, मदनपाल, चंद्र प्रताप, शिवम अग्रवाल, अतुल, प्रदीप, अंकित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पांच आरोपियों के खिलाफ बलवा व तोडफोड का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने लाठी डंडे व कुल्हाडी से हमला कर पीडिता व उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की घटना को लेकर आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा तोडफोड समेत गंभीर धाराओं मे मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के भागीपुर निवासी बाबूलाल पटेल की पत्नी गीता देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच जुलाई को गांव के हरकेश, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, मनोज व प्रमोद ने जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे व कुल्हाडी से हमला बोला। आरोपियो के हमले मे पीड़िता की मां केवला देवी तथा भाई सुनील को भी गंभीर चोटें आयी। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। गांव के लोगों के जुटने पर आरोपी दहशत फैलाते हुए चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# आदर्श नगर पंचायत ने पत्थर रख कर खुद का मार्ग किया बाधित

## लखनऊ राजमार्ग से कालाकाकर राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर है कार्यालय

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आदर्श नगर पंयायत ने लखनऊ राजमार्ग से कालाकाकर राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर पत्थर रखकर खुद के कार्यालय का ही रास्ता बाधित कर दिया है। ऐसी दशा में लोगों को इन्दिरा चैक होकर आना-जाना पड़ रहा है जिस वजह से वहां अब जाम की स्थिति बनने लगी है। इधर समस्या को लेकर प्रशासन बेखबर है।

स्थानीय नगर पंचायत ने नाली के ऊपर रखे पत्थर को उठाकर सड़क पर रखवा दिया है। सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी पत्थर को व्यवस्थित नही रखा गया है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते आवागमन बाधित हो गया है। यह सड़क लखनऊ व कालाकाकर राजमार्ग को जोड़ती है।इसी मार्ग पर नगर पंचायत का कार्यालय भी स्थित है। यही नहीं, जलेसरगंज, संग्रामगढ़, रामपुर व रानीगंज कैथौला से आने-जाने वाले लोग इसी मार्ग से होकर तहसील, कोतवाली व ब्लाक आते-जाते हैं। मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में राहगीरों को इन्दिरा गॉधी चैक होकर आना-जाना पड़ रहा है। लोगों को जहां यात्रा के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ रही है वही आवागमन बढ़ जाने की वजह से चैराहे पर जाम की स्थिति बनने लगी है।क्षेत्रीय लोगों ने समस्या के निदान हेतु अधिकारियों से कई बार आग्रह किया लेकिन कोई सुनने को तैयार ही नही है।नगर पंचायत की मनमानी से दूर-दराज से आने वाले हजारों की संख्या मे लोगों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ईओ सुभाष चन्द्र सिहं ने बताया कि मेरा स्थानांतरण हो गया है भिर भी प्रयास करते है।

### अव्यवस्था से इन्दिरा चैक पर लगने लगा है जाम


इस तरीके से मार्ग पर अवरोध करने से लोगों को हो रही असुविधा।

# हरित परिधान में शिक्षाधिकारी संग बच्चों ने किया वृक्षारोपण

## समाज को पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश


बच्चों के बीच वृक्षारोपण करते शिक्षक मो0 फरहीम।

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ।** उत्कृष्ट शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अनुकरणीय सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाला मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह, पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह सजग है और खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता शिव बहादुर मौर्य के मार्गदर्शन में बच्चों ने आज वृहद वृक्षारोपण का कार्य संपन्न किया।

बच्चों ने विद्यालय में खाद्य वन तैयार किया है जिसमें हमेशा सब्जियां तैयार रहती हैं। आज वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों ने हरियाली के प्रतीक हरे रंग की वेशभूषा धारण कर दर्जनों फलदार वृक्ष आम, अमरूद, आंवला, अनार, शहतूत, जामुन, नींबू आदि के पौध रोपित कर समाज में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रस्तुत किया। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने भी इस अवसर पर विद्यालय के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा बच्चों के कार्य की प्रसंशा किया। इस मौके पर राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद फरहीम, शिक्षक पितामह यादव, आशा मिश्रा, शिखा श्रीवास्तव तथा मनोज कुमार सहित अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## वन महोत्सव पर छात्राओं ने किया पौधारोपण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** वन महोत्सव के पर्व पर बुधवार को जनता इंटर कालेज आलापुर कालाकांकर में कालेज के छात्राओं व स्टाफ के साथ मुख्य वन संरक्षक एन रवीन्द्र पीआर रावत ने अपने स्टाफ के साथ छात्राओ के हाथों द्वारा पौधारोपण कर गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को बताया गया। सभी अपने अपने घरों के आस पास खाली जगह पर पेड़ पौधा लगाए जिससे पर्यावरण दूषित न हो और लोगों को शुद्ध ताजी हवा मिल सके।

## अज्ञात चोरों ने नकदी समेत उडाये आभूषण, केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने मकान के पिछले हिस्से मे प्रवेश कर पीडित के घर सोने चांदी के जेवरात व नकदी पर हाथ फेर दिया। पुलिस ने चोरी की घटना को लेकर अज्ञात के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के कला भदारी निवासी कमलेश यादव पुत्र रघुनंदन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चैबीस जून की रात अज्ञात चोर मकान के पिछले हिस्से से घर मे घुस गये। परिवार के सदस्य सो रहे थे। इस बीच बदमाशो ने कमरे मे रखे बाक्स का ताला तोडकर ग्यारह हजार की नकदी व सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार की रात चोरी की घटना पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# महेशगंज पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना महेशगंज उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के लालापुर बार्डर के पास से बोलेरो वाहन संख्या यूपी 78 डीबी 4302 में सवार 3 शातिर चोरों को चोरी के ई-रिक्शा की 4 बैट्री, 4 टॉयर, 1सीट, 1 मोटर व चोरी के 7 मोबाइल फोन एवं चोरी के सामान को बेचकर नकदी 750 रुपए के साथ गिरफ्तार किया गया व गाड़ी में सवार उनका एक साथी भौगोलिक स्थिति का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग नशा करने के आदी हैं व नशे के लिए हम लोग चोरी करते हैं। बरामद 7 मोबाइल फोन के बारे में पूछने पर बताया कि ये सभी चोरी के हैं जिन्हें हम लोगो ने अलग-अलग जगहों से चोरी किया तथा बोलेरो वाहन में लदे ई-रिक्शा के अलग-अलग पार्ट्स के बारे में पूछताछ में ऋतिक पाण्डेय उर्फ पुष्पांकर पाण्डेय ने बताया कि मैंने व मेरे एक साथी जो मौके से भाग गया है, ने मिलकर जून में कावरियागंज कुण्डा, जायसवाल धर्मशाला के पास से एक ई-रिक्शा चोरी किया था जिसकी बॉडी को हमारे साथी पवन मिश्रा व सौरभ तिवारी ने इधर-उधर बेच दिया था व उससे मिले पैसो को हम लोगों ने आपस में बांट लिया था, जो पैसे हम लोगों के पास से बरामद हुए हैं ये उसी के बचे पैसे हैं। अन्य बचे हुए सामान को आज हम सभी बोलेरो में रखकर बेचने जा रहे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया। मौके से फरार अभियुक्त को चिह्नित कर जल्द गिरफ्तारी करने की बात कही जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

उधर संग्रामगढ़ उप निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बुधवार को क्षेत्र चेकिंग के दौरान अपने हम राही के साथ वांछित वारण्टी अभियुक्तों की धर पकड़ के दौरान वांछित अभियुक्त प्रेम कुमार सरोज पुत्र सदाशिव सरोज निवासी भिटारी थाना संग्रामगढ़ को थाना क्षेत्र के नरई चैराहे के पास गिरफ्तार कर जेल भेजा। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मु0 अ0 सं0 158/2022 धारा 376,506 भादवि दर्ज है।

## वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में इलाज के दौरान चुटहिल की मौत पर वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार की रात गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। अनेहरा निवासी छोटेलाल मौर्य पुत्र रघुनंदन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती अटठाईस जून को पौने आठ बजे रात उसका भाई रामसजीवन पैदल घर जा रहा था। इसी बीच बाइक से अनेहरा गांव के राजकुमार पटेल पुत्र लल्लन ने लापरवाहीपूर्वक उसके भाई रामसजीवन को चुटहिल कर दिया। इलाज के दौरान दो जुलाई उसके भाई की प्रयागराज मेडिकल कालेज में मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने वाहन चालक राजकुमार के खिलाफ गैरइरादतन हत्या तथा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

# क्राइम ब्रांच का आरक्षण काउंटर पर छापा, दलाल गिरफ्तार

## डाक्टर समेत तीन संदिग्ध को थाने उठा ले गई आरपीएफ

### टैक्सी चालक निकला दलाल, मुंबई का टिकट बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बुधवार को लखनऊ रेलवे क्राइम ब्रांच की टीम ने स्थानीय स्टेशन के टिकट आरक्षण काउंटर पर छापा मारा और एक दलाल को टिकट बरामद होने पर जेल भेज दिया। उसके बाद यहां की आरपीएफ ने तीन संदिग्ध यात्रियों को उठाया और उन्हें थाने ले गई। इन पर आवेदन फार्म पर नाम में हेरफेर का आरोप लगा है। पूछताछ चल रही है।

तत्काल के समय क्राइम ब्रांच ने छापा मारा। उस समय लाइन में खड़ा एक युवक भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछने पर वह सही कुछ बता नहीं पाया। तलाशी ली गई तो एक टिकट मुंबई का मिला। उस बारे में भी कुछ बता नहीं पाया। पुलिस ने उसे आरपीएफ को सौंप दिया। आरपीएफ ने कार्रवाई करके जेल भेज दिया। दलाल का नाम डाक्टर पटेल बताया गया। वह कार चालक है। रेलवे परिसर में गाड़ी लगाता है। मौका पाने पर दलाली भी करता है। उसका घर विवेक नगर में है।

इसी बीच स्थानीय आरपीएफ थाने के सहायक उपनिरीक्षक सीपी दूबे ने तीन संदिग्ध को पकड़ा। जिसमें से एक सुहेल निवासी पूरे अंती दूसरा प्रदीप कुमार गरवारा, लंभुवा सुल्तानपुर और एक अन्य व्यक्ति था। आरोप है कि प्रदीप को मुंबई जाना था। उसने अपनी जगह किसी दूसरे को लाइन में खड़ा किया था। जब टिकट चेक हुआ तो उसमें सुहेल का नाम भी जुड़ा था। थाने पर पूछताछ में प्रदीप ने बताया कि सुहेल के कहने पर उसने नाम जोड़ा था। खास बात यह पता चली है कि क्राइम ब्रांच के छापे के वक्त उपनिरीक्षक सीपी दूबे को दलाल की भनक तक नहीं लगी। उनके सामने ही लोग दलाल को पकड़कर ले गए। जिससे वे खिसिया गए थे। प्रदीप से भी उनकी बहस हो गई थी। सुहेल और प्रदीप से पूछताछ हो रही थी।

## सुहेल डाक्टर है, प्रदीप को टीचर बनना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शक के आधार पर पकड़े गए सुहेल ने पुलिस को बताया है कि वह डाक्टर है। रूमा नर्सिंग होम में ड्यूटी करता है।बहन को मुंबई जाना था। उसके लिए टिकट लेने आया था। प्रदीप से नाम बढ़ाने के लिए कहा था। प्रदीप ने बताया है कि वह नाम बढ़ाना चाहता था। वह टीचर बनना चाहता है। कल उसकी टीजीटी की परीक्षा भी है। पुलिस दोनो को छोड़ेगी यह तो पता नहीं। फार्म पर नाम बढ़ाना अपराध श्रेणी में आता है कि नहीं यह जांच का विषय जरूर हो सकता है।

# एसबीआई की लालगंज शाखा के नवीनीकृत परिसर का हुआ लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को ग्राहक सेवा सुविधाजनक बनाए जाने के लिए नवीनीकृत परिसर ग्राहकों को समारोहपूर्वक समर्पित हुआ। बैंक नेटवर्क द्वितीय स्थानीय प्रधान कार्यालय लखनऊ के महाप्रबंधक एडी रत्ना तेजा ने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीनीकृत परिसर का लोकार्पण किया। उन्होनें कहा कि एसबीआई देश की विश्वसनीय संस्था होने के नाते राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को संचित करने का भी सबसे बड़ा उपक्रम है। अध्यक्षता करते हुए प्रयागराज के उप महाप्रबंधक विनोद कुमार सिन्हा ने भी बैंक द्वारा ग्राहकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवा के संकल्प को मजबूत बनाने मे योगदान का आहवान किया। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रतापगढ़ सुमित सक्सेना ने एसबीआई के जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। शाखा प्रबंधक दीपक पाण्डेय ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम में रोहित बाजपेई, शैलेन्द्र कुमार, चंदन सिंह, मनोज कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, सरफराज आदि मौजूद रहे।


लालगंज में एसबीआई के नवीनीकृत परिसर का लोकार्पण करते अतिथि

## विपक्षीगण दे रहे जान से मारने की धमकी

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के मरुआन निवासी अरविन्द यादव उर्फ गुड्डु ने एक व्यक्ति से बैनामा लिया था। विपक्षीगण ने क्रेता को बैनामा की भूमि में पक्का मकान पर कब्जा कर लिये थे। इस पर अरविन्द यादव ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो विपक्षी लोग जान से मारने की धमकी दी। अरविन्द यादव ने एसपी से गुहार लगाई है कि विपक्षीगणों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत करें।

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचन में प्रयुक्त वाहनों के स्वामी किराये का ले लें भुगतान

**कौशाम्बी।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन में प्रयुक्त वाहनों के स्वामी किराये के भुगतान हेतु लॉगबुक/आर0सी0 एवं बैंक की पासबुक जिलापूर्ति कार्यालय में जमा करायें उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में प्रयुक्त निजी हल्के एवं भारी वाहनों के स्वामियों को सूचित किया है कि किराये का भुगतान उनके बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जाना है। जिन वाहन स्वामियों के द्वारा अभी तक निर्वाचन में प्रयुक्त वाहन से सम्बन्धित लॉगबुक/ आर0सी0 एवं बैंक की पासबुक जिलापूर्ति कार्यालय में जमा नहीं की गयी है, वे दिनांक 10 जुलाई 2022 तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें, अन्यथा उनके किराये का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक तथा 42 लाभार्थियों को ई-रिक्शा का किया वितरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज माँ शीतला देवी अतिथिगृह, सयांरा परिसर में स्थापित महापुरूषों-चक्रवर्ती सम्राट अशोक, तथागत भगवान गौतम बुद्ध, बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर, सरदार बल्लभभाई पटेल एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा 42 लाभार्थियों को ई-रिक्शा वितरित किया। तत्पश्चात उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने माँ शीतला देवी अतिथिगृह, सयांरा में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक की। उप मुख्यमंत्री ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, नहरों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि नलकूप के ट्रान्सफार्मरों की क्षमता पर्याप्त रहें तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल ठीक कराया जाय ताकि किसानों को रोपाई के कार्य में दिक्कत न होने पाये, सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की उपलब्धत हेतु सभी समुचित उपाय सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि कितने गॉव में बारात घर एवं अन्त्येष्टि स्थल हैं, इसकी सर्वे कराकर सूची तैयार कर लिया जाय। उन्होंने 100 दिन की कार्ययोजना एवं अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डिप्टी सीएम



डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह

उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद की आवश्यकतानुसार उनके विभाग की कौन-सी परियोजना/प्रोजेक्ट लाई जा सकती है, उसका प्रस्ताव बनाकर शीघ्र उपलब्ध कराया जाय, ताकि जनपद का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकें। उन्हांने जनपद में निर्माण कराये जा रहे खेल के मैदानां की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि खेल के मैदानों का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनपदवासियां को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर पालिका परिषद के विस्तार/नये नगर पंचायतां में शामिल गॉवों में सर्वे कराकर सभी पात्र व्यक्तियों को आवास सहित अन्य सभी सुविधाओं से लाभान्वित किया जाय तथा अपात्र व्यक्तियों को आवास सहित आदि योजनाओं से लाभान्वित करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किया जाय। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाय, विकास के कार्य में कोई अधिकारी/कर्मचारी लापरवाही करता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही किया जाय।

**किसानों को धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता हेतु सभी समुचित उपाय सुनिश्चित किया जाय**

**सभी अधिकारी अपने विभाग की परियोजना/ प्रोजेक्ट जनपद में लाने हेतु प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध करायें, जिससे जनपद का सर्वांगीण विकास हो सकें**

**विकास के कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाय जनपद में 10 हजार स्वयं सहायता समूह गठित करने की कार्ययोजना बनाई जाय**

उन्होंने ससुर खदेरी नदी को पुनर्जीवित करने हेतु अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि शीघ्र ही डी0पी0आर0 तैयार कराकर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 को निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनपद में 10 हजार स्वयं सहायता समूह गठित करने की कार्ययोजना बनाई जाय। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा गॉवों का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा, निरीक्षण के दौरान कमी पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी पूर्व विधायक संजय गुप्ता लाल बहादुर शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा एवं मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने ग्राम सिपाह में किया पौधरोपण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम सिपाह में पौधरोपण करने के पश्चात आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल दिनांक 05 जुलाई 2022 को लगभग 25 करोड़ पौधरापेण किया गया है तथा 10 करोड़ और पौधरोपण किया जायेंगा। उन्होंने सिपाह ग्रामवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने पेड़ां को संरक्षित करने का कार्य किया है, जिसके फलस्वरूप गॉवों में काफी हरियाली दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध हवा, फल एवं हरियाली प्रदान करने के साथ ही पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत ही आवश्यक हैं। पर्यावरण संतुलित रहेंगा तो वर्षा भी पर्याप्त होंगी। उन्होंने आमजन से पेड़ां को अपने सन्तान की तरह देख-भाल करने तथा बडे. पेड़ां को अपने माता-पिता की तरह सेवा करने का आग्रह किया उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के घर तक नल से जल पहॅुचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को बड़े पैमाने पर सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, आवास, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, शौचालय एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड आदि योजनाओं के साथ ही विगत 02 वर्षो से निःशुल्क राशन देने का कार्य किया जा रहा है।



पौधा रोपण करते डिप्टी सीएम

**वृक्ष शुद्ध हवा, फल एवं हरियाली प्रदान करने के साथ ही पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत ही आवश्यक**

**डबल इंजन की सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित किया गया**

**सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाओं की संचालित सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियां को वर्ष में 02 बार निःशुल्क गैस सिलेण्डर भराकर दिया जायेगा**

उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाओं को संचालित किया है। इसके साथ ही युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए भी विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य किये जा रहें है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियां को वर्ष में 02 बार होली एवं दीपावली पर निःशुल्क गैस सिलेण्डर भराकर दिये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपने गॉवों को साफ-सुथरा रखने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने के साथ ही पौधों एवं जल को संरक्षित करने का आवाह्न किया, जिससे आने वाली पीढ़ी को अच्छा पर्यावरण एवं वातारण मिल सकें। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोग मिलकर विकास कार्यों में सहभागितापूर्वक कार्य करें, जिससे गॉव, जनपद, प्रदेश एवं देश का विकास और तेजी से हो सकें इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय गुप्ता शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल लाल बहादुर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चौकी इंचार्ज ने अपराधियों की कसी नकेल

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हर्रायपुर चौकी इंचार्ज राकेश राय के आते ही क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मच गया है बताते चलें कि हर्रायपुर के कुछ दूरी पर एक शराबी नशे में आकर के अपने होश हवास को खोते हुए बाइक को छोड़कर कुछ दूरी पर जमीन पर लेटा था जिसकी सूचना हररायपुर चौकी इंचार्ज राकेश राय को मिली तुरंत उन्होंने संज्ञान में लेते हुए वहां पर पहुंचे बाइक और शराबी को कब्जे में लेकर चौकी में पूछताछ के लिए बैठाया था होश में आने के बाद उसने अपना नाम रवि प्रजापति पुत्र रामकेश प्रजापति मोहनापुर ग्राम निवासी बताया चौकी इंचार्ज हररायपुर का कहना है कि क्षेत्र मे भू माफिया शराब माफिया लकड़ी माफिया व जुआरियों को कतई नहीं बख्शा जाएगा अगर हमारे संज्ञान में ऐसा कोई मैटर आता है तो हम तुरंत संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करेंगे ग्राम वासियों का कहना है कि कि हर्रायपुर चौकी में एक सिंघम के जाने के बाद दूसरे सिंघम आ गए तथा क्षेत्र की जनता को खुश हो रही है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार दंपत्ति घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असवा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी है टक्कर मारकर कार सवार फरार हो गया हादसे में साइकिल सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, ग्रामीणों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है बताया जाता है कि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के छोटी सिरियावा निवासी अग्गन खान अपनी पत्नी सायरा बानो के साथ भरवारी से बकरीद की खरीददारी कर साइकिल से घर वापस जा रहे थे असवा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी,टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर गए और गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी ग्रामीणों ने

**इलाज के दौरान महिला की मौत**

एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भेज कर परिजनों को सूचना दी है महिला का गंभीर हालत में इलाज चल रहा था बताया जाता है कि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है।

## इलाज के दौरान अखबार विक्रेता की मौत

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे में बीते जमाने से अखबार बेचने वाले हजारी लाल केसरवानी निवासी मेहता रोड़ भरवारी की लम्बे बीमारी के चलते इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें जैसे ही हजारीलाल की मौत की जानकारी उनके परिजन रिश्तेदारों को मिली कोहराम मच गया है समाचार पत्र के अन्य प्रतिनिधियों ने भी हजारीलाल की मौत पर शोक व्यक्त किया है।

# जल निगम का पाइप लीकेज सड़कों पर बह रहा पानी

अखंड भएरत संदेश

**घरों में पहुंच रहा गंदा पानी सड़क हो रही है खराब**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लाक के अंतर्गत आदमपुर नादिर अली में डेरवा के पास जल निगम की सप्लाई का पानी दो जगह लीकेज होने से पानी सड़कों पर बह रहा है सप्लाई बंद होने के बाद सड़क का गंदा पानी पाइप में खींच लेता है और जब दोबारा सप्लाई दी जाती है तो लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंचता है जल निगम के पाइप लीकेज के चलते सड़के खराब हो रही हैं सड़क में जलभराव रहता है सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं लेकिन जिम्मेदार देखने वाले अंजान बने हुए हैं सड़के खराब होने से लोगों को आवागमन में भी दिक्कत होती है कई बार मामले की शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों से की लेकिन 14 महीने बीत जाने के बाद भी सप्लाई का पानी सड़क पर बहना बंद नहीं हो सका है जिससे अधिकारियों के कार्य करने की क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्राम प्रधान का भी गजब का कारनामा देखने को मिल रहा है जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रधान होते हैं लेकिन चौपट व्यवस्था पर वह भी अनदेखा कर रहे है हर्रायपुर से बसेड़ी जाने वाले मार्ग में डेरवा ग्राम में दो जगह से सप्लाई का पानी निकल रहा है जिससे रोड पर पानी भर जाने के कारण रोड भी खराब हो चुकी है सड़क पर जलभराव और गड्ढे होने से आमजन मानस को आने-जाने की दिक्कत होती है यह एक दिन का नहीं है बीते 14 महीने से सड़कों पर जलभराव के चलते सड़कें खराब हो चुकी हैं आखिर सड़क खराब होने से होने वाले नुकसान की भरपाई किस अधिकारी के वेतन से कराई जाएगी ग्राम वासियों का कहना है कि कई बार एप्लीकेशन देने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है योगी सरकार के अधिकारी जल बचाओ अभियान में जहां विफल नजर आ रहे है वही महीना में लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है जिसे अधिकारी भी नजरअंदाज कर रहे है।



सड़क में भरा पानी और गड्ढे का दृश्य

## माइक्रो समूह संस्था के प्रबंधक ने महिला से की अभद्रता

**शिकायत पर आरोपी प्रबंधक को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कस्बे में माइक्रो समूह संस्था की प्राइवेट बैंक शाखा खोली गयी है और इस बैंक शाखा के जरिए किसानों मजदूरों को ऋण दिया जाता है मंगलवार को एक महिला ने बैंक प्रबंधक के फोन पर बात करके एक लाख रुपए का ऋण मांगा जिस पर माइक्रो समूह संस्था के प्रबंधक ने महिला से अश्लील और अभद्र भाषा की बात करना शुरू कर दिया प्रबंधक के अभद्र भाषा पर महिला के पति ने उससे बात किया जिस पर उसने पति से बात करने के बजाय महिला से बात करने का दबाव बनाया मामले को लेकर महिला ने पश्चिम शरीरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि चित्रकूट जनपद के रहने वाले पुनील कुमार माइक्रो समूह संस्था के मैनेजर हैं और उन्होंने फोन पर अश्लीलता और अभद्रता की है जिस पर पुलिस ने प्रबंधक को अपने हिरासत में ले लिया है जानकारी मिलते ही माइक्रो समूह के बड़े अधिकारी चित्रकूट से कौशांबी पहुंच गए हैं और आरोपी प्रबंधक को छुड़वाने के लिए प्रयासरत रहें जब पुलिस ने आरोपी को छोड़ने से इंकार कर दिया तो माइक्रो समूह संस्था के अधिकारियों ने आरोपी प्रबंधक को तत्काल पद से हटा दिया है।

# उप मुख्यमंत्री ने ग्राम गनपा में अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**गॉव में कैम्प लगाकर पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उप मुख्यमंत्री ने ग्राम गनपा में अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को अमृत सरोवर का निर्माण कार्य उत्कृष्ठ तरीके से कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियां विशेषकर महिलाओं से संवाद कर विभिन्न योजनाओं-स्वयं सहायता समूह के तहत बी0सी0सखी एवं मनरेगा मेठ, आवास, शौचालय, निःशुल्क राशन, उज्वला गैस कनेक्शन आदि से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने गॉव में विद्युत आपूर्ति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आगामी समय में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में 75 अमृत सरोवर बनाये जा रहें हैं तथा आगामी समय में गॉव के सभी तालाबों को अमृत सरोवर बनाया जायेंगा। उन्होंने गॉव में स्वयं सहायता समूहों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को और समूह गठित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनायें संचालित कर रहीं है तथा प्रदेश सरकार द्वारा घरौनी देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेंशन की राशि बढ़ाकर एक हजार कर दिया गया है। सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को आप लोगों तक पहॅुचाया जा रहा है। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को गॉव में कैम्प लगाकर पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर पूर्व विधायक संजय गुप्ता शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं लाल बहादुर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



सरोवर निरीक्षण के दौरान महिलाओं से वार्ता करते डिप्टी सीएम

# देर रात्रि एएसपी सीओ के साथ एसएचओ ने किया पैदल भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रतिदिन की तरह मंगलवार की देर रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक सीओ और मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कस्बा क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया है आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया है और कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया है पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को हिदायत दी है।

क्षेत्राधिकारी मंझनपुर चायल एवं प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर विनोद कुमार सिंह उपनिरीक्षक गण हमराही पुलिस बल के साथ फुट पेट्रोलिंग कस्बा मंझनपुर में पुलिस टीम द्वारा किया गया है इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और कानून व्यवस्था की जानकारी ली बिना नंबर प्लेट के वाहनों को चेक किया तथा सड़क के किनारे अवैध रूप से ठेला लगाए व्यक्तियों का चालान किया बिना हेलमेट वाले वाहनों के चालकों का चालान किया गया तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करते हुए पुलिस टीम द्वारा पैदल मार्च किया गया।



पैदल भ्रमण करती पुलिस टीम

## गांजा वा चोरी की भैंस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना करारी पुलिस बल द्वारा बटबंधुरी नहर पुलिया से अभियुक्त मो० अनस पुत्र मो० अनीस निवासी रानीपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से चोरी की भैंस व 1100 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ नाजायज गांजा बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त किकन बाबू उर्फ छोटा पुत्र कल्लूराम निवासी ग्राम कोल्हुआ थाना पश्चिम शरीरा को एक अदद तमंचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ बैरमपुर रोड बहद ग्राम गढ़ी बाजार थाना क्षेत्र पक्षिम शरीरा से गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## 125 वाहनों का किया गया ई चालान

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो–पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहनों का 125 ई–चालान किया गया तथा 07 वाहनों को सीज किया गया

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना चरवा पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र राममिलन निवासी कयामुद्दीनपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# रंजीता की गिरफ्तारी ने खोल दी तीन थानेदारों की अपराधियों से संलिप्तता

**पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला की गिरफ्तारी न कर तीन थानेदारों ने उसे दिया संरक्षण**

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के में लव कुश की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है घटना 2 वर्ष से अधिक पुरानी है इस दौरान पश्चिम शरीरा थाने की कमान थानेदार सर्वेश सिंह संजय शर्मा और रोशन लाल को मिली लेकिन तीनों थानेदारों ने लव-कुश की मौत के जिम्मेदार रंजीता को गिरफ्तार नहीं किया लगातार आरोपी रंजीता को पुलिस संरक्षण देती रहे वर्तमान थानेदार भवानी सिंह ने लव कुश की मौत का जिम्मेदार मानते हुए रंजीता को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है रंजीता की गिरफ्तारी के बाद पूर्व थानेदारों पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं 2 वर्षों पहले लव-कुश की मौत के बाद रंजीता खुलेआम थाना क्षेत्र में रह रही थी और तीन-तीन थानेदारों ने लव कुश के मौत की जिम्मेदार रंजीता की गिरफ्तारी नहीं की पश्चिम शरीरा थाने में पूर्व में तैनात थानेदारों के पास लव कुश के मौत के मामले में पर्याप्त साक्ष्य थे तो उन्होंने रंजीता को गिरफ्तार करने में इतनी बड़ी लापरवाही क्यों की है यह पुलिस अधिकारियों के लिए बड़ी जांच का विषय है और पुलिस अधिकारियों ने लव-कुश के मौत के मामले में आरोपी रंजीता को न गिरफ्तार करने वाले पूर्व थानेदारों के कारनामों की जांच कराई तो 3 थानेदारों का निलंबन और विभागीय कार्रवाई होना तय हैं लेकिन क्या पुलिस अधिकारी पूर्व थानेदारों के अपराधियों को संरक्षण देने के इस मामले को गंभीरता से लेंगे और जांच कराते हुए पूर्व के थानेदारों को निलंबित कर उन पर विभागीय कार्यवाही करेंगे या फिर सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## संपादकीय

# बड़ी चुनौती है नासूर बन चुके प्लास्टिक प्रयोग को नियंत्रित करना

पॉलीथिन और प्लास्टिक का दिनोंदिन बढ़ता जा रहा उपयोग इस समय पूरे देश और देशवासियों के लिये विकराल समस्या का रूप धारण कर चुका है। पहले भी इसे नियंत्रित करने के कई असफल प्रयास हो चुके हैं परन्तु इसका उपयोग कम होना तो दूर और भी बढ़ता ही जा रहा है। तेज रफ़्तार जिन्दिगी और मानवीय आवश्यकताओं ने तो इनका चलन बढ़ाया ही है साथसाथ प्लास्टिक व पॉलीथिन उद्योग तथा इसके उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के बड़े व प्रभावशाली उत्पादनकर्ता उद्योगपतियों के ऊँचे रसूख के कारण भी इस पर नियंत्रण पाना आसान नहीं है। बहरहाल एक बार फिर भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। मजे की बात तो यह है कि प्रतिबंधित किये जाने वाली प्लास्टिक व पॉलीथिन सामग्री की जो सूची जारी की गई है उससे कई गुना पॉलीथिन व प्लास्टिक का इस्तेमाल प्रतिबंधित सूची से बाहर रखी गई अनेक वस्तुओं में किया जाता है। 1 जुलाई से जिन प्लास्टिक उत्पाद को प्रतिबंधित किया गया है उनमें पॉलिथीन बैग,प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू व ट्रे सहित अन्य कटलरी संबंधित सामग्री के साथ साथ सिगरेट पैकेट के ऊपर की पन्नी, गुब्बारे की प्लास्टिक की छड़ें, प्लास्टिक ईयर बड,मिठाई बॉक्स व निमंत्रण कार्ड पर लगाई जाने वाली प्लास्टिक, थर्मोकॉल का सजावटी सामान, पीवीसी के बैनर व 75 माइक्रॉन तक के पॉलिथीन आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक एक जुलाई से उपरोक्त पलास्टिक व पॉलीथिन सामग्रियों व 75 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले पॉलिथीन के निर्माण, विक्रय, वितरण भंडारण, परिवहन व उपयोग प्रतिबंधित हो गया है । जबकि अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर के बाद 120 माइक्रोन तक के पॉलिथीन पर भी रोक लगा दी जायेगी ।

सरकारी अधिसूचना के अनुसार इन सामग्रियों के उपयोग के निर्धारित मानदंडों का यदि कोई भी व्यक्ति उल्लंघन करेगा वह पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत निर्धारित दंड का भागीदार होगा। इस अधिनियम का अनुपालन करने में विफल रहने वाले व्यक्ति को पांच साल तक के कारावास या एक लाख रुपये तक के जुमार्ने या दोनों की सजा सुनाई जा सकती है। और यदि कोई इसके अनुपालन में विफल होगा या इन नियमों का बार बार उल्लंघन करेगा तो हर दिन के हिसाब से उस अवधि के दौरान जब तक कि उल्लंघन जारी रहता है, उल्लंघनकर्ता व्यक्ति पर प्रतिदिन के हिसाब से पांच हजार रुपए अतिरिक्त जुमार्ना लगाया जा सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार सरकार के इस निर्णय से पर्यावरण को लाभ होगा। क्योंकि सूखे कचरे में पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक पर्याप्त मात्रा में होता है। जोकि पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। विशेषज्ञों की मानें तो सरकार के इस फैसले से सूखे कचरे में कमी तो जरूर आएगी परन्तु इसके सकारात्मक परिणाम के लिए कम से कम दो साल तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। प्लास्टिक व पॉलीथिन जैसे उत्पाद केवल पर्यावरण को ही नुक़्सान नहीं पहुंचाते बल्कि नाली व नालों को बाधित कर गंदे जल प्रवाह को भी रोकते हैं। यहाँ तक कि वर्षा ॠतु में तो यह खास तौर पर शहरी क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति भी पैदा कर देते हैं।

आज हमारे देश में प्लास्टिक व पॉलीथिन का इस्तेमाल सबसे अधिक दूध की थैलियों के रूप में तथा पानी की बोतलों की शक्ल में हो रहा है। इनके अतिरिक्त कोल्ड ड्रिंक्स व शराब भी अधिकांशतयः प्लास्टिक बोतलों में ही आने लगी हैं। आज कल और भी नित्य नये नाना प्रकार के जूस व ड्रिंक्स के अनेकानेक उत्पाद प्लास्टिक की बोतलों में ही आने लगे हैं। दवाइयों के पैक,मेडिकल संबंधी तमाम उत्पाद,गुटका,तंबाकू आदि बहुत सारी चीजें प्लास्टिक व पॉलीथिन पैक में होती हैं। क्या सरकार इन्हें प्रतिबंधित किये बिना प्लास्टिक कचरा मुक्ति व पर्यावरण सुधार की कल्पना कर सकती है ? अब रहा सवाल इसके बेचने वालों या इस्तेमाल करने वालों पर सजा या जुमार्ने का। तो यह भी सरकार का नैतिकता पूर्ण कदम नहीं कहा जा सकता। क्योंकि सरकार को इन सब सामग्रियों को प्रतिबंधित करने से पहले इनके विकल्प तलाश करने चाहिये। आम लोगों को कम से कम एक वर्ष तक इनके इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना चाहिये। और इनकी वैकल्पिक व्यवस्था से परिचित कराना चाहिये। चाहे वह पुराने जमाने की तरह अपने घर से ही कपड़े के थैले लेकर निकलने की आदत डालना ही क्यों न हो। और इन सब के साथ इसके उत्पादन की जड़ों पर भी प्रहार करना चाहिये।

सभी जानते हैं कि प्लास्टिक व पॉलीथिन, पेट्रोलियम उत्पाद से तैय्यार होने वाली सामग्रियां हैं। और देश यह भी जानता है कि देश के पेट्रोलियम स्रोतों पर किसका कब्जा है। कोल्ड ड्रिंक उत्पादकों के हाथ कितने लंबे हैं और दूध उत्पादक डेयरियां किनकी हैं। गुटखा नेटवर्क कितना सशक्त है और शराब उद्योग पर कितने बड़े लोगों का कब्जा है। लिहाजा ऐसे उद्योगपतियों को झुका पाना या इन्हें प्लास्टिक व पॉलीथिन मुक्त बना पाना संभवतः किसी भी सरकार के वश में नहीं। सरकार को यदि पर्यावरण की वास्तव में इतनी फिक्र है तो दुकानदारों या थैली धारकों पर सजा या जुमार्ना नहीं बल्कि इनके उत्पादन पर प्रतिबंध लगाये और नियम की अनुपालना न करने पर इसके उत्पादनकताओं को सजा दे । जब तक सरकार ऐसा नहीं करती तब तक नासूर बन चुके प्लास्टिक प्रयोग को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती साबित होगा।

# विश्वासघाती ड्रैगन से सतर्कता अति आवश्यक।



स्वतंत्रता के बाद से ही चीन और पाकिस्तान भारत के लिए स्थाई सिरदर्द बने हुए हैं ड्रैगन एशिया की शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा बना हुआ है फिर चाहे दोस्ती का मामला हो या दुश्मनी का,चीन भारत का परंपरागत दुश्मन है ही और गाहे-बगाहे वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करता रहता है।इसी तरह ड्रैगन अपने छोटे-छोटे मित्र राष्ट्रों को जिनकी वह मदद करता है उनके कई क्षेत्रों में कब्जा जमा चुका है, इसका सबसे बड़ा एवं ताजा उदाहरण श्रीलंका है। श्रीलंका चीन के कारण कंगाली के कगार पर पहुंच चुका है, अब पाकिस्तान की बारी है वह अब बाल्टीस्तान को पाकिस्तान से कई वर्षों के लिए अपनी दी गई उधारी के बदले लीज पर लेने वाला है क्योंकि पाकिस्तान की हैसियत अब चीन से लिए गए कर्जे को वापस करने की रह नहीं गई है कि इन परिस्थितियों में पाकिस्तानी सरकार ने चीन के सामने घुटने टेक दिए हैं, अब पाकिस्तान चीन की हर शर्त मानने को तैयार है। नेपाल तथा बांग्लादेश भी चीन की दादागिरी से त्रस्त हैं। चीन के लिए लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश में घुसपैठ का अनुकूल समय आने वाला है, वर्षा ॠतु तथा ठंड उसके लिए घुसपैठ का अनुकूल समय होता है ।भारत को सीमा पर चीन तथा पाकिस्तान से उसे सावधानी रखनी होगी तब जाकर देश की रक्षा हो सकेगी।

अब ड्रैगन का एक ही सिद्धांत है विस्तार वाद और वह भी किसी भी कीमत पर,अब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक डिक्टेटर की तरह चीन के प्रशासन को हंटर से चला रहे है और विदेश नीति में वह अत्यंत लालची, विस्तार वादी हो गया है। चीन पिछले कई दशक से अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को बढ़ाने में लगा हुआ है। और इसी आर्थिक तथा युद्ध कला की शक्ति पर वह कई देशों को अपने कुत्सित इरादों के चलते खुलेआम धमकी भी देने लगा है। इजराइल फिलिस्तीन युद्ध के समय उसने फिलिस्तीन का साथ देते हुए इजरायल तथा अमेरिका को स्पष्ट तौर पर धमकाया था, कि युद्ध यदि आगे बढ़ा और अमेरिका ने इस युद्ध में दखल दिया तो अमेरिका बुरी तरह हार का मुंह देखेगा। चीन के प्रवक्ता ने यह भी कहा था कि इस युद्ध में अमेरिका की मुस्लिम देशों के प्रति उदारवादी मानव अधिकार की नीति कहां अचानक गायब हो गई,ऐसे में इसराइल तथा अमेरिका की चीन खुलेआम खिलाफत करता रहा है। चीन ने मूल रूप से चीन सागर तथा अरब सागर में अपने आप सामरिक बेड़े तथा समुद्री जहाजों को भेजकर वैश्विक स्तर पर अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया, भारत,तथा अन्य पड़ोसी देशों में अशांति तथा भय का वातावरण बना दिया था ।चीन के समुद्री सीमा पर कई देशों की सीमाओं के अतिक्रमण के फल स्वरुप अमेरिका, फ्रांस, जापान तथा भारत इन 4 देशों में चीन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण क्वाड सम्मेलन पिछले कुछ माह पहले आयोजित किया था। जिसमें इन 4 देशों ने आपसी सहयोग कर अरब चीन तथा प्रशांत महासागर में चीन की दादागिरी तथा विस्तार वादी नीति को नियंत्रण में रखने के लिए अनेक समझौते किए, और इसके पश्चात नौसैनिक संयुक्त अभ्यास भी किए थे,

> विगत दिनों चीन ने बांग्लादेश को स्पष्ट धमका कर कह दिया है कि यदि बांग्लादेश क्वाड सम्मेलन के किसी भी देश अथवा समुद्री सीमा पर उनकी मदद करेगा, तो चीन से बुरा कोई नहीं होगा। चीन में भूटान, नेपाल,बांग्लादेश तथा पाकिस्तान की सीमा पर भूमि को आधिपत्य में लेकर अपने कई सामरिक गांव बना लिए हैं,और चीन सागर पर वह अपनी सामरिक गतिविधि तेज कर चुका है। मलेशिया तथा इंडोनेशिया के समुद्री क्षेत्र में वह अतिक्रमण कर चुका है। चीन अपने कुल मिलाकर 18 पड़ोसी देशों की समुद्री सीमा तथा भूमि पर कब्जा जमाने के जुगत में कई जगह अतिक्रमण कर चुका है।

इस नौसैनिक अभ्यास तथा संयुक्त समझौते ने चीन को चौकन्ना कर दिया था। एवं भारत की रूस से पुरानी दोस्ती में खलल डालने का भी प्रयास चीन सरकार द्वारा किया गया,चीन नहीं चाहता है कि रूस अपना वरदहस्त भारत पर रखें। और इसी के चलते उसने लद्दाख की भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी,पर भारत की सामरिक शक्ति ने उसके इस बाहुबली प्रयास को नेस्तनाबूद कर दिया था। चीन अपनी आर्थिक तथा सामरिक ताकत के बल पर अमेरिका को सीधी टक्कर देने की स्थिति में आ गया है। और वह बाकी देशों को अपने बताए गए निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य करना चाहता है। इस स्थिति में 4 देशों का क्वाड सम्मेलन चीन की सामरिक ताकत के खिलाफ एक सशक्त मुहिम मानी गई है,विगत दिनों चीन ने बांग्लादेश को स्पष्ट धमका कर कह दिया है कि यदि बांग्लादेश क्वाड सम्मेलन के किसी भी देश अथवा समुद्री सीमा पर उनकी मदद करेगा, तो चीन से बुरा कोई नहीं होगा। चीन में भूटान, नेपाल,बांग्लादेश तथा पाकिस्तान की सीमा पर भूमि को आधिपत्य में लेकर अपने कई सामरिक गांव बना लिए हैं,और चीन सागर पर वह अपनी सामरिक गतिविधि तेज कर चुका है। मलेशिया तथा इंडोनेशिया के समुद्री क्षेत्र में वह अतिक्रमण कर चुका है। चीन अपने कुल मिलाकर 18 पड़ोसी देशों की समुद्री सीमा तथा भूमि पर कब्जा जमाने के जुगत में कई जगह अतिक्रमण कर चुका है। वह अपनी विस्तार वादी नीति को आर्थिक समृद्धि एवं सामरिक शक्ति के दम पर पूरे विश्व में अपनी ताकत तथा शक्ति का प्रदर्शन करना चाहता है, बड़े देशों में अमेरिका, फ्रांस,ऑस्ट्रेलिया,इंग्लैंड चीन के सीधे निशाने पर है। वहीं अमेरिका चीन के साथ कई हुए समझौतों को विगत दिनों वर्तमान राष्ट्रपति जो वार्डन के नेतृत्व में बर्खास्त कर चुका है। इससे यह तो स्पष्ट हो गया कि अमेरिकी नवीन प्रशासन चीन की विस्तार वादी नीतियों को भापकर उसका खुला विरोध कर रहा है। और इस विरोध की आग में घी का काम इजराइल फिलिस्तीन युद्ध में अमेरिका द्वारा इजराइल को समर्थन देकर कर दिया।

पिछले कई वर्षों से चीन भारत की सैन्य शक्ति को सदैव कम करने तथा उसकी घेराबंदी का प्रयास करता रहा है। और इसी कोशिश के अंतर्गत वह पाकिस्तान जैसे भारत के दुश्मन देश को परमाणु अस्त्र मिसाइल, आधुनिक तकनीक तथा युद्ध की सामग्री मुहैया कराता रहा है,और ऐसे देश जो भारत का थोड़ा बहुत भी विरोध करते हैं उन्हें वह राजनीतिक आर्थिक तथा सैन्य सहायता प्रदान करने से नहीं चूकता। और यह प्रयास पड़ोसी देशों में भारत के प्रभाव तथा संप्रभुता को कम करने के प्रयास के अंतर्गत होता है। और इस बात के कई सबूत तथा प्रमाण हैं, कि भारत के विरोध में चीन पाकिस्तान की मदद से श्रीलंका, नेपाल तथा बांग्लादेश में भारत विरोधी तत्वों का साथ देता आया है। चीन नई वैश्विक व्यवस्था मैं अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया जापान, रूस से ऊपर सिरमौर बनना चाहता है ।उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्वाड समूह को अत्यंत संकीर्ण उद्देश्य वाला ग्रुप करार कर दिया है। चीन के कारण वियतनाम तथा फिलिपिंस की समुद्री इलाके में चीनी नौसेना की घुसपैठ से हमेशा तनाव बना रहता है,और समुद्री सीमा पर उल्लंघन के मामलों का अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का सदैव चीन उल्लंघन कर फैसले की धज्जियां उड़ाई गई हैं। क्वाड देश अभी तक अपना उद्देश्य एक दूसरे से सैन्य सहयोग पर केंद्रित रखे हुए हैं। और चीन की 18 देशों में घुसपैठ तथा चीन की वैश्विक नई व्यवस्था के विस्तार वादी मंसूबों के कारण अब इन 4 देशों को अन्य एशियाई देशों में भी विस्तारित करना होगा, वरना चीन अपनी विस्तार वादी तथा दादागिरी को अपना हक समझकर अशांति फैलाने का काम करता रहेगा। जो वैश्विक का अशांति का मूल कारण बन सकता है।

# शिक्षा का बाजार या बाजार की शिक्षा

"शिक्षा का उद्देश्य तथ्य नहीं बल्कि मूल्यों का ज्ञान है।" युवा मन में इन मूल्यों को विकसित करने में स्कूल और कॉलेज एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अनुशासन, जवाबदेही, अखंडता, टीम वर्क, करुणा, विश्वास और ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण मूल्य हैं जो स्कूलों में पेश किए जाते हैं। शिक्षक को छात्रों में उपरोक्त मूल्यों को विकसित करने के लिए एक रोल मॉडल के रूप में कार्य करना चाहिए। हालाँकि, शिक्षा के व्यावसायीकरण के कारण शिक्षण एक जुनून के बजाय एक शुद्ध पेशा बन गया है और शिक्षण संस्थानों ने मूल्यों को विकसित करना बंद कर दिया है।

आज के प्रतियोगी युग में एक छात्र की सफलता को केवल रैंक और ग्रेड के संदर्भ में मापा जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अखंडता और अनुशासन जैसे मूल्यों का नुकसान होता है। छात्रों को अच्छे ग्रेड प्राप्त करने के लिए नैतिक या अनैतिक कोई भी साधन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उदाहरण के लिए, बिहार बोर्ड की परीक्षाएँ जहाँ सामूहिक नकल की गई थी। इसने छात्रों के मन में तनाव को भी बढ़ा दिया है जिसके परिणामस्वरूप दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं जैसे कि एक परीक्षा से बचने के लिए दूसरे छात्र के जीवन को समाप्त करना। गुरुग्राम स्कूल की घटना और मुंबई की घटना जहां बारह वर्षीय छात्र ने शिक्षक को मार डाला। संस्था के खर्च को कम करने के लिए कई स्कूलों ने आउटसोर्सिंग की है; तीसरे पक्ष को परिवहन और हाउसकीपिंग, जिसके कारण अनधिकृत कर्मचारी परिसर में प्रवेश करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी और अन्य प्रमुख शहरों में, निर्दोष बच्चों के यौन हमले और बलात्कार हुए हैं। परिणामस्वरूप शिक्षण संस्थानों पर से भरोसा उठ गया है। स्कूलों और कॉलेजों में पैदा हुए नैतिक शून्य ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और साथी सहपाठियों के प्रति असहिष्णुता जैसी घटनाओं को जन्म दिया है।



स्कूल और कॉलेज इस तरह की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं रहे हैं।सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल ने इंसानों के दिलों को दूर कर दिया है। टीम वर्क और करुणा खो गई है। छात्र स्वयं और समाज की समस्याओं के प्रति असंवेदनशील हो गए हैं और इस प्रकार ब्लू-व्हेल चैलेंज जैसे खेलों के शिकार हो रहे हैं।

मूल्यों को आकार देने में शिक्षा संस्थान की भूमिका एक निश्चित सीमा तक सीमित होती है। यह काफी हद तक उसके परिवार द्वारा बच्चे की परवरिश पर भी निर्भर करता है। माता-पिता का आचरण अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है जिसे हम बच्चे के रूप में देखते हैं और उनसे सीखते हैं। शिक्षा का मुख्य सरोकार मनुष्य में अच्छे, सच्चे और परमात्मा को विकसित करना है ताकि दुनिया में एक नैतिक जीवन स्थापित हो सके। यह अनिवार्य रूप से मनुष्य को पवित्र, सिद्ध और सच्चा बनाना चाहिए। मानवता का कल्याण न तो वैज्ञानिक और न ही तकनीकी में निहित है;उन्नति और न ही भौतिक सुख-सुविधाओं के अधिग्रहण में। शिक्षा का मुख्य कार्य चरित्र को समृद्ध करना है। आज हमें जिस चीज की जरूरत है, वह है साहस, बौद्धिक अखंडता और मूल्यों की भावना पर आधारित नैतिक नेतृत्व। चूंकि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन और मानव प्रगति का एक शक्तिशाली साधन है, इसलिए यह व्यक्ति में मूल्यों को विकसित करने का एक शक्तिशाली उपकरण भी है। इसलिए सभी शिक्षण संस्थानों पर शिक्षा के माध्यम से सीखने और मूल्यों की खेती करने की अधिक जिम्मेदारी है। समाज पर प्रभावः स्वयं पर प्रभावः आत्म-मूल्य और आत्मविश्वास की हानि। इसके परिणामस्वरूप लालच, ईर्ष्या, बदला, हिंसा जैसे बुरे गुण पैदा होते हैं। हालांकि कोई एक सफल वकील, इंजीनियर या डॉक्टर हो सकता है, लेकिन बिना मूल्यों के नैतिक बौना बना रहेगा। स्कूल चार दीवारों वाली एक इमारत है जिसके अंदर एक उज्जवल कल है। यदि विद्यालय मूल्यों को विकसित करने में विफल रहते हैं तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से प्रभावित हो सकती है। असहिष्णुता, कट्टरता, लैंगिक भेदभाव और अपराध में वृद्धि देखी जा सकती है। चूंकि शिक्षा कई सामाजिक बुराइयों का प्रतिकार है, इसलिए छात्रों में अच्छे मूल्य पैदा करना लगभग अपरिहार्य है अन्यथा एक समाज के रूप में हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में कितनी भी प्रगति कर लें, हम अंततः बर्बाद हो सकते हैं।

स्कूलों और कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समय पर नैतिक शिक्षा के माध्यम से बचपन से ही मजबूत मूल्य प्रणाली मौजूद है। मूल्य शिक्षा एक शांतिपूर्ण और सुखी समाज के लिए पहला कदम है। शिक्षा के माध्यम से एक व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, उत्साही समृद्धि मूल्य को आत्मसात करने से बल मिलेगा; यह युवाओं के चरित्र, दृष्टिकोण, प्रवृत्ति, विकास आदि का निर्माण करता है। आज देश में बड़े-बड़े शिक्षण संस्थान तो खुल गए हैं लेकिन गुणवत्ता की दृष्टि से शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। खासतौर पर स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी जागरुक होना होगा। आज उच्च शिक्षण संस्थाएं तो बहुत खुल रही हैं लेकिन शिक्षा की बुनियाद कमजोर है। इसे मजबूत करने की शुरूआत स्कूली स्तर पर होनी चाहिए। शिक्षण संस्थाएं खोलना तो आसान हो चला है लेकिन क्या और कैसे पढ़ाया जा रहा है इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। संविधान में शिक्षा को समवर्ती सूची में स्थान दिया है समस्या यहीं से है, शिक्षा को मुख्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए था। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज को भी जागरुक होना होगा।

-- -**प्रियंका सौरभ**

# नवीन बदलाव के साथ इस बार अद्भुत है अमरनाथ यात्रा

**- डॉ उमेश प्रताप वत्स**

दो वर्ष के अंतराल के बाद 30 जून से एक बार फिर प्रारंभ हो गई है भोले शंकर की अमरनाथ यात्रा। लाखों भक्तों ने पवित्र गुफा दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है।

कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों से अमरनाथ यात्रा बंद थी। भोले के भक्त हर वर्ष यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा रहे थे किंतु अब जाकर इन भक्तों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि अपने अराध्य भोले शंकर के बफार्नी स्वरूप के शिवलिंग के रूप में दर्शन कर सकें।

अमरनाथ यात्रा में इस बार जबरदस्त भीड़ का अनुमान है। भोले के भक्त दर्शनों से वंचित न हो जाए इसलिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी निर्बाध रूप से लगातार चल रही है। रास्ते पहले से चौड़े किये गये हैं। घोड़े-खच्चरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के तो बहुत ही सुदृढ़ प्रबंध किये गये हैं।

वास्तव में कश्मीर में आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टोलरेंस के अन्तर्गत चल रहे ऑपरेशन के कारण आतंकियों ने अपनी फ्रस्ट्रेशन निकालने के लिए अमरनाथ यात्रा को बाधित करने के लिए हमला करने की धमकी दी थी जिसे केन्द्र शासित प्रदेश के गवर्नर मनोज सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए बहुत ही पुख्ता प्रबंध किये हैं। इस बार यात्रा में सुरक्षा के महत्व को देखते हुए आर्मी के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस, केन्द्रीय सुरक्षा बल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, बीआरओ, एनडीआरएफ, एवं जम्मू कश्मीर पुलिस की पर्याप्त कंपनिया तैनात की है। सैनिक और अर्ध सैनिक बलों को विशेष हिदायतें है कि सैंकड़ो किलोमीटर दूर से आये शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो तथा उनके साथ बहुत ही प्रेम व सहयोग का व्यवहार किया जाये। एनडीआरएफ टीम के सदस्य चप्पे-चप्पे पर तैनात है जो ऑक्सिजन सिलेंडर व स्ट्रेचर के साथ हर समय तत्पर रहते हैं। मुझे भी पवित्र गुफा में 30 जून के पहले जत्थे में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तो हमारे सामने ही कई मामलों में एनडीआरएफ के जवानों ने दो भक्तों के गिरने पर उन्हें फर्स्टएड दी, अपने हाथों से मालिश आदि कर भक्तों को पुनः चलने के योग्य बनाया। कई मामलों में ऑक्सीजन की कमी होने पर भक्तों को शीघ्र ही ऑक्सीजन सिलेंडर लगाकर राहत दी गई। कई मामलों में स्ट्रेचर पर डालकर अस्थाई तौर पर बने मैडिकल सैंटर में लेकर गये। मैं चौथी बार अमरनाथ यात्रा पर गया, पहले कभी ऐसे प्रबंध नहीं देखा। ये तो वो मामले थे जो 30 जून व 1 जुलाई को हमने स्वयं देखे। ऐसे बहुत सी घटनाओं में एनडीआरएफ के ये जवान देवदूत की तरह सहयोग करने हेतु तैयार थे। टैंट, घोड़े, पालकी आदि के मनमाने रेट पर भी प्रशासन द्वारा अंकुश लगाया गया। बेस कैंपों की आवश्यकता अनुसार क्षमता बढ़ाई गई ताकि मौसम खराब होने पर सभी को सुरक्षित रखा जा सके। जगह-जगह सैनिक बलों के जवान भक्तों की सुरक्षा हेतु धूप में भी हथियार के साथ दृढ़ता से खड़े थे।

यात्रा के मुख्यतः दो मार्ग हैं। एक बालटाल से दूसरा पहलगाम से। बालटाल से गुफा की दूरी लगभग 14 किलोमीटर हैं जो कि सीधी उतराई और फिर बेस कैंप से होती हुई संगम से सीधी कठिन चढ़ाई है अक्सर जो भक्त कम समय में यात्रा पूरी करना चाहते हैं वे इस मार्ग का चुनाव करते हैं क्योंकि इस मार्ग से यदि सुबह 6 बजे यात्रा प्रारंभ की जाये तो बाबा बफार्नी के दर्शन करके भक्तजन देर शाम तक दिन के दिन वापिस आ सकते हैं अथवा शाम को गुफा के पास ठहरकर सुबह पुनः दर्शन करके वापिस आ सकते हैं। यह बहुत ही दुर्गम रास्ता है और सुरक्षा की दृष्टि से भी संदिग्ध है। यहां बारिश होने पर लैंड स्लाइडिंग का खतरा भी बना रहता है। इसीलिए सरकार इस मार्ग को सुरक्षित नहीं मानती और अधिकतर यात्रियों को पहलगाम के रास्ते अमरनाथ जाने के लिए प्रेरित करती है। लेकिन रोमांच और जोखिम लेने का शौक रखने वाले लोग इस मार्ग से यात्रा करना पसंद करते हैं। इस मार्ग से जाने वाले लोग अपने जोखिम पर यात्रा करते है।

# कैंडी क्रश की फूटी किस्मत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

सुनसान पड़े जूम की भेंट एक दिन आभासी दुनिया के सिरताज कैंडी क्रश से हो गई। दोनों ने पहले फोर जी, फाई जी का रोना रोया और फिर एक-दूसरे की आँखें पोंछी। बातचीत का क्रम आगे बढ़ा।

जूमः कैंडी क्रश भाई! आजकल तुम्हारी धूम मची है। सबकी जुबान पर एक ही नाम गूँजता है कैंडी क्रश। न जाने तुमने बच्चों पर ऐसा क्या जादू कर दिया है कि हर कोई तुम्हारा दिवाना है।

कैंडी क्रशः भैया बात तो सही है। लेकिन बच्चे तो बच्चे हैं! जो तुम्हारी गोद में रहकर नहीं सुधरे वे खाक मुझसे सुधरेंगे। इनकी शैतानियों से तंग आ गया हूँ।

जूमः ऐसा न कहो भाई। दुनिया में बच्चे ही बचे हैं जो दुनियादारी से दूर हैं। दुनियादारी इंसान से पहले उसकी मासूमियत छीनता है बदले में धूर्तता, झूठ बोलने के नुस्खे और रिश्तों से दूर रहने का हुनर सिखाता है।

कैंडी क्रशः फिर भी भैया इन बच्चों से मैं तंग आ गया हूँ। मैं रंग-बिरंगी कैंडियों का ऐसा क्रश हूँ, जो सबके सिर पर चढ़कर बोलता हूँ। किंतु इन उत्पाती, उपद्रवी और शरारती बच्चों ने मेरा मजाक बनाकर रख दिया है। कभी मुझे आधा-अधूरा खेलकर बिस्तर के नीचे छिपा देते हैं, कभी बाथरूम में ले जाकर मुझे खेलना छोड़कर सब काम करते हैं। चलो माना कि ऐसा घर के सदस्यों के भय से कर रहे हैं, लेकिन जब घर में कोई नहीं होता तो वे कुछ और करते हैं। बैटरी लाख ड्रेन हो जाए, आँखें खराब हो जाए, कानों पर जूँ तक नहीं रेंगता।

जूमः बस इतनी सी बात के लिए बच्चों से चिढ़ गए। उछलने-कूदने, उत्पात मचाने का दूसरा नाम ही तो बच्चे हैं। ये नहीं उत्पात मचायेंगे तो हम-तुम उत्पात मचायेंगे! मैं तो बच्चों की कमी के चलते कमजोर हो गई हूँ। दिखने में तो सॉफ्टवेयर हूँ लेकिन मेरे भीतर बच्चों का दिल धडकता है। उनके न रहने से मुझे घुटन सी हो रही है। मेरे बच्चों से मिले अरसा हो गया। वे तो हमेशा ऑनलाइन खेलों में लगे रहते हैं। विशेषकर तुम से।

## 44 वां बारबेरा इंटरनेशनल शतरंज शुरू - 10 देशो के 52 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

**बार्सिलोना ,स्पेन।** स्पेन में कोविड काल के बाद से पहली बार फिर से केटलन सर्किट पूरी तरह से शुरू हो चुका है और इस बार सर्किट की शुरुआत हुई है बारबेरा इंटरनेशनल शतरंज के 44 वे संस्करण से । प्रतियोगिता के ए वर्ग में 10 देशो के 52 खिलाड़ी तो




बी वर्ग में 4 देशो के 116 खिलाड़ी भाग ले रहे है । प्रतियोगिता के टॉप सीड मेजबान स्पेन के ग्रांड मास्टर डेनियल लेयल अलसिना नें पहले दिन पहले टेबल पर क्यूबा के अलबेर्टों पेरेज जुल को पराजित करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की ।दूसरे टेबल पर भारत की ऋतुजा बक्शी को स्पेन के हिपोलितों असीस से हार का सामना करना पड़ा । पहले राउंड के रोचक परिणामों में भारत के वेदान्त पिम्पलखरे नें चौंथे सीड मेजबान स्पेन के ग्रांड मास्टर पेना मेनुयल गोमेज को ड्रॉ पर रोका तो नौवे सीड क्यूबा के ग्रांड मास्टर मुनोज मिगुल को भारत के सुदर्शन भट्ट नें आधा अंक बांटने पर मजबूर कर दिया । 16वे वरीय भारत के फीडे मास्टर सौरभ खरडेकर को हमवतन विश्वा शाह से अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा । प्रतियोगिता कुल 9 राउंड में स्विस फॉर्मेट के आधार पर खेली जा रही है जो 12 जुलाई तक खेली जाएगी ।

## विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत का सुधार एमएस धोनी की तरह उल्लेखनीय है : मांजरेकर

**बर्मिंघम।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने विकेटकीपर के रूप में ऋषभ पंत में सुधार के लिए उनकी सराहना की। मांजरेकर को लगता है कि 24 वर्षीय स्टंप के पीछे ज्यादा बात नहीं करते और काम को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के बाद अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए पंत की प्रशंसा की।

यह पूछे जाने पर कि क्या बल्लेबाज पंत ने प्रभावित किया है? मांजरेकर ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने खुद को एक संभावित महान के रूप में स्थापित किया है जिसे हम देख रहे हैं। पांच शतक और घर पर सिर्फ एक और घर से दूर अविश्वसनीय है। लेकिन मैं सिर्फ उनकी कीपिंग के बारे में बात करना चाहता हूं, उनकी बल्लेबाजी के बारे में बहुत कुछ बोला गया है। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, मुझे बस इतना पसंद है कि उसने उस (विकेटकीपिंग) काम को कितनी गंभीरता से लिया है। क्योंकि, बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने के बाद आप कभी-कभी आराम कर सकते हैं। मैं एक विकेटकीपर के रूप में उनकी क्षमता को लेकर थोड़ा संशय में था, खासकर इस तरह की परिस्थितियों में। भारत के लिए बड़ी खबर पंत विकेटकीपर का विकास है। उन्होंने कहा, आप उसे स्टंप के आसपास ज्यादा बकबक करते नहीं देखते। उन्होंने काम को बहुत गंभीरता से लिया है, और धोनी की तरह ही उनका सुधार भी उल्लेखनीय रहा है। एक कीपर के रूप में उन्होंने कैसे सुधार किया। मुझे उनकी प्रतिबद्धता पसंद आई क्योंकि आप एक बल्लेबाज के रूप में इतने सफल होते हुए भी इस काम को थोड़ा आसान कर सकते हैं। यह आश्चर्यजनक रूप से शानदार है। ऋषभ पंत इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट मैच में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक थे उन्होंने दो पारियों में शानदार बल्लेबाजी की। पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक बनाते हुए कुल 203 रन बनाए। हालांकि इंग्लैंड ने 378 के लक्ष्य का पीछा करते हुए जॉनी बेयरस्टो और जो रूट की शतकीय पारियों की बदौलत जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-2 से बराबर की।

## तेंदुलकर ने रूट-बेयरस्टो की तारीफ में कही ये बात, जाफर बोले- प्रशंसा काफी नहीं!

**बर्मिंघम (यूके)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और जॉनी बेयरस्टो की प्रशंसा की। रूट और बेयरस्टो के बीच 269 रनों की साझेदारी ने इंग्लैंड को इतिहास रचने में मदद की। इस टीम ने बर्मिंघम के एजबेस्टन में भारत पर 7 विकेट से जीत के साथ खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना सर्वोच्च सफल रन चेज किया।सचिन ने ट्वीट किया, श्रृंखला बराबर करने के लिए इंग्लैंड की विशेष जीत। जो रूट और जॉनी बेयरस्टो शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने बल्लेबाजी को बहुत आसान बना दिया है। इंग्लैंड को शानदार जीत के लिए बधाई।

# भारत की नजरें श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने पर

**पालेकल।** आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में श्रीलंका को हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से उतरेगी।

करिश्माई कप्तान मिताली राज के संन्यास के बाद पहली बार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रहे भारत ने पहले दो मैच में जीत के साथ तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। एक जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम दूसरे वनडे में आत्मविश्वास से अधिक भरी दिखी और टीम ने सोमवार को 10 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की। भारत ने खेल के सभी विभागों में दबदबा बनाया।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम से श्रीलंका के पूरे दौरे के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी। दौरे पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रहीं स्टार सलामी बल्लेबाजों स्मृति




मंधाना और शेफाली वर्मा ने दूसरे वनडे में नाबाद अर्धशतक जड़े और अटूट शतकीय साझेदारी की। यह जोड़ी टी20 श्रृंखला और पहले वनडे में टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में नाकाम रही थी लेकिन दूसरे वनडे में लय हासिल करने के बाद एक बार फिर उसी अंदाज में खेलना चाहेंगी।

नई पूर्णकालिक कप्तान हरमनप्रीत मौजूदा श्रृंखला में भारत के लिए सबसे अधिक निरंतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं।

इस ऑलराउंडर ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और उनकी पारी कई मौकों पर दोनों टीम के बीच का अंतर साबित हुई। टी20 में धीमी पिचों पर भारतीय स्पिनरों ने दबदबा बनाया लेकिन एकदिवसीय श्रृंखला में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने छाप छोड़ी जो दूसरे वनडे में करियर के सर्वश्रेष्ठ 28 रन पर चार विकेट सहित सात विकेट चटका चुकी हैं। अनुभवी झूलन गोस्वामी की गैरमौजूदगी में रेणुका के प्रदर्शन ने दर्शाया है कि भारत के युवा और अनुभवहीन गेंदबाजों में क्षमता है। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 की जीत से बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों से पहले मेहमान टीम का मनोबल बढ़ेगा। श्रीलंका की टीम की नजरें टी20 श्रृंखला की तरह इस श्रृंखला में भी सांत्वना भरी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।

चामरी अटापट्टू की अगुआई वाली टीम की बल्लेबाजों को उम्मीद होगी कि इस महज औपचारिकता के मैच में वे भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा बना पाएंगी। टीम को अब तक उसके बल्लेबाजों ने निराश किया है। गेंदबाजी में इनोका रणवीरा और ओशादी रणसिंघे की स्पिनर जोड़ी ने प्रभावित किया है।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, एस मेघना, दीप्ति शर्मा, पूनम यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, सिमरन बहादुर, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकार, मेघना सिंह, रेणुका सिंह, तानिया भाटिया और हरलीन देओल।

श्रीलंकाः चामरी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता समरविक्रम, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, इनोका रणवीरा, सत्य संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, मालशा शेहानी, थारिका सेवंडी।

समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

## हॉकी विश्व कप : भारत और चीन ने खेला 1-1 का ड्रा

**एम्स्टलवीन।** वंदना कटारिया के 45वें मिनट में दागे गए गोल की बदौलत भारत ने चीन को महिला हॉकी विश्व कप के पूल बी मुकाबले में 1-1 के ड्रा पर रोक दिया। भारत ने यह लगातार दूसरा ड्रा मैच खेला है। भारत ने इससे पहले इंग्लैंड से 1-1 का ड्रा खेला था। चीन का भी यह दूसरा ड्रा हैं।

भारत और चीन दोनों के खाते में दो-दो अंक हैं। चीन ने अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से 2-2 से ड्रा खेला था। चीन बेहतर गोल औसत के आधार पर पूल में पहले और भारत दूसरे स्थान पर है।

चीन ने जियाली झेंग के 26वें मिनट में किये गए मैदानी गोल से बढ़त बनायी जबकि भारत ने 45वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर वंदना कटारिया के गोल से बराबरी और राहत हासिल की।




इस बराबरी के बाद दोनों टीमें विजयी गोल दागने में असमर्थ रहीं। चीन को हालांकि 3 मिनट शेष रहते पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। चीन ने अंतिम सेकंड में पेनल्टी कार्नर के लिए रेफरल की मांग भी की लेकिन वीडियो अम्पायर ने इसे खारिज कर दिया।

## ओन्स जेब्युर ने विंबलडन में भी रचा इतिहास, ऐसा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी

**विंबलडन।** अपने नाम के आगे 'पहली बार' कई कारनामे करने की उपलब्धि दर्ज कराने वाली ट्यूनीशिया की ओन्स जेब्युर विंबलडन के अंतिम चार में जगह बनाकर किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अरब देशों की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली ट्यूनीशिया की तीसरी वरीय खिलाड़ी ने मंगलवार को एक कदम आगे बढ़ते हुए सेंटर कोर्ट पर मैरी बोजकोवा को 3-6, 6-1, 6-1 हराया। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जेब्युर ने कहा, 'यह काफी मायने रखता है। मैं लंबे समय से उम्मीद कर रही थी कि मैं यहां पहुंच पाऊंगी। मैं (मोरक्को के पूर्व खिलाड़ी) हिचाम अराजी से बात करती थी और वह मुझे कहते थे कि अरब देशों के खिलाड़ी हमेशा क्वार्टर फाइनल में हार जाते हैं और हम इससे आजिज आ चुके हैं। कृप्या करके



इस क्रम को तोड़ो। मैंने कहा कि मित्र मैं ऐसा करने का प्रयास करूंगी।' जेब्युर ने प्रयास किया और वह ऐसा करने में सफल रही। सेमीफाइनल में जेब्युर का सामना उनकी तरह ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहली बार जगह बनाने वाली जर्मनी की तात्याना मारिया से होगा। जर्मनी की 34 साल की खिलाड़ी ने अपने बच्चों के जन्म के कारण दो बार टेनिस से ब्रेक लिया और ओपन युग में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनी। मारिया ने 35वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए 22 साल की ज्यूल नीमियर को 4-6, 6-2, 7-5 से हराया।

## 11वें विम्बलडन सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच, बोले- मेरे पास लंबा अनुभव है

**लंदन।** विम्बलडन के डिफेंडिंग चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने सनसनीखेज मुकाबले में इटली के जैनिक सिनर को हराकर 11वीं बार एसडब्ल्यू19 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जोकोविच ने सेंटर कोर्ट में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दो सेट हारने के बाद वापसी करते हुए सिनर को 5-7, 2-6, 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा कि इस बेहतरीन लड़ाई के लिए जैनिक को खूब बधाई। वह अपनी उम्र के लिए काफी परिपक्व हैं। उनके पास अभी बहुत वक्त है। पहले दो सेट में 2-0 से पिछड़े हुए जोकोविच ने कहा कि पहले दो सेट और अंतिम तीन सेट दो अलग-अलग मैचों से थे। वह शुरुआत दो सेट में मुझसे बेहतर



खिलाड़ी थे, लेकिन दूसरे सेट के अंत में मैंने प्रकृति की पुकार के लिए ब्रेक लिया। मैंने अपना मनोबल बढ़ाने के लिए खुद से बात की और अपनी एकाग्रता हासिल करने का प्रयास किया।

यह सातवीं बार था कि सर्बिया के जोकोविच पहले दो सेट में पिछड़ने के बाद मैच जीते हों। उन्होंने कहा कि तीसरे सेट में जल्दी पॉइंट हासिल करने के बाद मैंने देखा कि उनके खेल में थोड़ा संदेह पैदा हो रहा है। मेरे पास इन कोर्ट्स पर खेलने और दबाव बर्दाश्त करने का कई सालों का अनुभव है। टॉप सीड जोकोविच ऑल इंग्लैंड क्लब में लगातार 26 मुकाबले जीत चुके हैं। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सेमीफाइनल में डेविड गॉफिन या कैमरन नॉरी में से किसी एक का सामना करेंगे। 6 बार विम्बलडन का खिताब जीत चुके जोकोविच 7वीं बार विम्बलडन चैम्पियन बनकर पीट सम्प्रास के रिकॉर्ड की बराबरी करना चाहेंगे। विम्बलडन में जोकोविच की सबसे हालिया हार पांच साल पहले हुई थी जब वह कोहनी की चोट के कारण रिटायर हुए थे।

## एलेक्स मोर्गन के 2 गोल से अमरीकी महिला फुटबॉल टीम ने हैती को हराया

**मोंटेरी।** एलेक्स मोर्गन के दो गोल की मदद से अमरीकी महिला फुटबॉल टीम ने कोनकाकाफ महिला चैंपियनशिप के पहले मैच में हैती को 3-0 से हराया। इस टूर्नामेंट से आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सहमेजबानी में होने वाले 2023 महिला विश्व कप के लिए क्षेत्र से सीधे क्वालीफाई करने वाली चार टीम का फैसला होगा। दो बार के गत विश्व कप विजेता अमरीका की ओर से मोर्गन के अलावा मिज प्युर्स ने भी एक गोल दागा। मोर्गन ने 16वें और 23वें मिनट में गोल दागे जबकि मिज ने 84वें मिनट में गोल किया। टूर्नामेंट के लिए 8 टीम को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो




टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। प्रत्येक ग्रुप की तीसरी टीम 10 टीम के अंतरमहाद्वीपीय प्ले आफ में जगह बनाएंगी जिसका आयोजन फरवरी में न्यूजीलैंड में होगा। महिला चैंपियनशिप का विजेता 2024 ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई करेगा।

# हमें असफल होने का डर नहीं- टीम की रणनीति पर बोले जॉनी बेयरस्टो

**बर्मिंघम।** भारत पर सात विकेट की जीत के बाद इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि वह असफल होने से नहीं डरते और सिर्फ विपक्ष पर दबाव बनाना चाहते हैं। जो रूट और जॉनी बेयरस्टो ने 269 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को ऐतिहासिक टेस्ट में सात विकेट से जीत दिला दी। इसी के साथ उन्होंने इंग्लैंड में भारतीय टीम के 2007 के बाद लिए गए सपने को भी तोड़ दिया। जॉनी बेयरस्टो दोनों पारियों में 106 और 114* रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पांच मैचों में 50.50 की औसत से 404 रन बनाकर सीरीज का अंत किया। बेयरस्टो ने मैच के बाद कहा कि इस समय यह बहुत मजेदार है। पिछला महीना हमारे लिए शानदार रहा है। जब हर कोई अच्छा करता है तो सबके चेहरे पर मुस्कान होती है। पिछले कुछ सालों से मैंने कठिन समय देखा लेकिन अब समय शानदार है। आज पांचवां दिन 90 मिनट में समाप्त हो गया था। यह अच्छा है। मेरे पास अभी एक आनंद कारक है। मैं असफल होने से नहीं डरता और विपक्ष पर सिर्फ दबाव बनाना चाहता हूं। बेयरस्टो ने कहा कि पीछा सब नियंत्रण में था (हंसते हुए)। उनके पास कुछ विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। हमें बस दबाव बनाना था। वे डराने की




कोशिश करते हैं, उनके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं। अब कुछ चरणों में अच्छा प्रदर्शन करना होताहै। एक दौर ऐसा आया और हमने उलटफेर कर दिया। वैसे भी आज की सुबह एक अलग सुबह थी। रूट और मैं यॉर्कशायर से सिर्फ दो लड़के हैं। हम एक साथ खेलते हुए बड़े हुए हैं और यॉर्कशायर अकादमी के दिनों से लेकर अब टेस्ट टीम तक काफी समय एक साथ बिताया है। उसके साथ आज खेलना विशेष था।

**भारत की हार से पाकिस्तान को फायदा, WTC रैंकिंग में मिली भारी बढ़त**

**दुबई।** एजबेस्टन में मंगलवार को पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 7 विकेट से हार के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) रैंकिंग में भारी बढ़त मिली है। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला जो 2021 में शुरू हुई थी, मैच के अंतिम दिन जो रूट और जॉनी बेयरस्टो द्वारा शानदार शतक बनाने के बाद सीरीज में 2-2 से बराबरी की।

भारत की हार का मतलब है कि पाकिस्तान डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में भारत से ऊपर निकल गया है। अंक दंड के अलावा भारत पर इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित पांचवें टेस्ट में सात विकेट की हार के दौरान निर्धारित समय से कम ओवर फेंके जाने के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। पॉइंट पेनल्टी का मतलब है कि भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में पाकिस्तान से नीचे चौथे स्थान पर आ गया है। आईसीसी के मुताबिक पेनल्टी के बाद भारत 75 अंक (52.08) पर है, जो पाकिस्तान के पीसीटी 52.38 फीसदी से कुछ ही कम है।

यह खबर भारत के लिए एक और झटका है जिसे एजबेस्टन में सात विकेट से हार का सामना




करना पड़ा था, जब इंग्लैंड ने रिकॉर्ड 378 का पीछा करते हुए टेस्ट इतिहास में उनका सर्वोच्च-सफल रन चेज किया। जॉनी बेयरस्टो ने पांचवें टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया जबकि जो रूट ने भी चौथी पारी में नाबाद 142 रन पर बनाए। इसी के साथ ही भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीत हासिल करने का मौका चूक गया।

आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने वाले प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, एक पक्ष को प्रत्येक ओवर शॉर्ट के लिए एक डिमेट अंक मिलता है। चूंकि भारत ने समय से दो ओवर कम फेंके इसलिए उन्हें दो डब्ल्यूटीसी अंकों की कटौती की गई थी।

गौर हो कि भारत और न्यूजीलैंड ने पिछले साल उद्घाटन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला था जिसमें न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड में तत्कालीन भारतीय कप्तान विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम को हराया था।

## धोनी के जन्मदिन से पहले विजयवाड़ा में लगा 41 फीट लंबा पोस्टर

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को 2007 का टी-20 विश्व कप और 2011 का क्रिकेट विश्व कप दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी के चाहने वाले देश ही नहीं विदेशों में भी बसे हैं। आगामी 7 जुलाई को उनका जन्मदिन हैं ऐसे में देश के विजयवाड़ा शहर में धोनी के जन्मदिन को लेकर खास तैयारियां चल रही हैं। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स को नेतृत्व कर चार खिताब जीतने वाले धोनी की दक्षिण भारत में फैंस खूब इज्जत करते हैं। अब धोनी के आने वाले 41वें जन्मदिन को लेकर फैंस ने उनका 41 फुट लंबा पोस्टर तैयार किया है। बीते दिन इसे धूम धड़ाके के साथ लगाया गया। पोस्टर में 2011 विश्व कप में लगाए गए आखिरी सिक्स वाले स्टाइल में धोनी दिख रहे हैं।

बता दें कि एमएस धोनी अपने परिवार के साथ अभी लंदन में हैं। संभव है कि इस बार महेंद्र सिंह अपना जन्मदिन इंग्लैंड के लंदन शहर में सेलिब्रेट करेंगे। साक्षी धोनी ने शनिवार शाम को लंदन से धोनी की लेटेस्ट फोटो भी शेयर की थी जोकि सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थी। टीम इंडिया भी इंगलैंड में हैं जोकि कुछ दिनों में टी-20 सीरीज और वनडे सीरीज खेलने वाली है। उम्मीद है कि धोनी भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए स्टेडियम भी पहुंचेंगे।



बहरहाल, धोनी बीते दिनों जंगल में एक वैद से इलाज करवाने के कारण भी चर्चा में आए थे। दरअसल, धोनी के घुटनों में दर्द रहता है ऐसे में वह झारखंड के जंगलों में एक वैद से मिले और चैकअप कर दवा ली थी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया कि वैद ने दवा के कुल 40 रुपए लिए थे। उक्त परिवार के साथ धोनी की एक फोटो भी खूब वायरल हुई थी।



## पाकिस्तान के वजीरिस्तान में आत्मघाती हमले में सेना के 10 जवान घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान में एक आत्मघाती हमलावर के सेना के काफिले में शामिल एक वाहन में बाइक से टक्कर मारने की घटना में 10 जवान घायल हो गये । पुलिस ने मंलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना



सोमवार देर रात उस वक्त हुई, जब सेना का काफिला उत्तरी वजीरिस्तान के मीरान शाह की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसी दौरान हमलावर ने काफिले में शामिल एक वाहन को अपनी मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी । पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में कम से कम 10 जवान घायल हो गये। उन्होंने बताया कि घायलों में से तीन जवानों की हालत नाजुक है। सभी घायलों को तुरंत बन्नू स्थित कंबाइन मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया । हमलावरों को पकड़ने के लिये सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खद्दी मार्केट के निकट हुये आत्मघाती हमले के बाद बन्नू-मीरान शाह मार्ग को बंद कर दिया गया है। किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## हैकरों ने उड़ाया चीनी पुलिस डाटाबेस से एक अरब लोगों का डाटा, बेचने के लिए की ये पेशकश

**बीजिंग।** हैकर ने शंघाई पुलिस के एक डेटाबेस से एक अरब चीन वासियों से संबंधित डेटा हासिल करने का दावा किया है। अगर इस हैकिंग की पुष्टि हो जाती है तो यह इतिहास में सबसे बड़ी डेटा




चोरी की घटनाओं में से एक होगी। ऑनलाइन हैकिंग मंच 'ब्रीच फोरम्स' पर पिछले सप्ताह एक पोस्ट में किसी ने 'चाइनाडैन' नामक हैंडल का इस्तेमाल करते हुए करीब 24 टेराबाइट डेटा बेचने की पेशकश की। उसने दावा किया कि यह जानकारी चीन के एक अरब लोगों से संबंधित है और दो लाख डॉलर मूल्य के 10 बिटकॉइन से जुड़ी है। डेटा में कथित रूप से शंघाई राष्ट्रीय पुलिस के डेटाबेस की जानकारी है जिनमें लोगों के नाम, पते, राष्ट्रीय पहचान संख्या और मोबाइल फोन आदि का विवरण है। 'द एसोसिएटिड प्रेस' द्वारा देखे गये डेटा के इस तरह के एक नमूने में नाम, जन्म तिथियां, आयु और मोबाइल नंबरों की सूची थी। उदाहरण के लिए एक नाम ''2020 में जन्मे व्यक्ति' के तौर पर सूचीबद्ध है और आयु के सामने '1' लिखा है जिससे पता चलता है कि डेटा में नाबालिगों की जानकारी भी है। हालांकि 'एपी' अभी डेटा के नमूनों की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका है।

## पाकिस्तान के प्रतिष्ठित टीवी पत्रकार इमरान रियाज खान गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का खुलकर समर्थन करने के लिए पहचाने जाने वाले पाकिस्तानी टेलीविजन के एक प्रतिष्ठित एंकर इमरान रियाज खान को पुलिस ने मंगलवार को इस्लामाबाद के बाहरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनके सहकर्मियों ने यह जानकारी दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पुलिस ने किन आरोपों के तहत इमरान रियाज खान को गिरफ्तार किया है। टीवी पत्रकार की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब कुछ सप्ताह पहले इस्लामाबाद में एक अदालत ने पुलिस को रियाज खान और कई अन्य पत्रकारों को गिरफ्तार न करने का आदेश दिया था। उन पर सेना के खिलाफ घृणा पैदा करने के आरोप में शिकायतें दर्ज करायी गयी थीं। अभी सरकार की ओर से इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने ट्विटर पर एंकर की गिरफ्तार की निंदा की है। गौरतलब है कि खान को अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया। उन्होंने इसे अमेरिका की साजिश बताया था।

# अब चांद पर कब्जे को लेकर भिड़ रहे अमेरिका-चीन, नासा के आरोपों पर भड़का ड्रैगन

**बीजिंग:** अमेरिका और चीन के बीच चल रही वर्चस्व की जंग से पूरी दुनिया वाकिफ है। लेकिन अब दोनों महाशक्तियों की लड़ाई अब चांद तक जा पहुंची है। अमेरिका-चीन के बीच चांद को लेकर विवाद तब शुरू हुआ जब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के चीफ ने चीन पर चंद्रमा पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया । धीरे-धीरे ये आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला गंभीर रूप धारण करता जा रहा है। सोमवार को चीन ने नासा प्रमुख की चेतावनी को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए खारिज कर दिया कि चीन एक सैन्य कार्यक्रम के हिस्से के रूप में चंद्रमा पर 'अधिग्रहण' कर सकता है। चीन ने पिछले एक दशक में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की गति तेज कर दी है, जिसमें चंद्रमा की खोज पर ध्यान केंद्रित किया गया है। चीन ने 2013 में अपनी पहली चंद्र रहित लैंडिंग की और इस दशक के अंत में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली रॉकेट लॉन्च करने की उम्मीद करता है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने शनिवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जर्मन अखबार बिल्ड को बताया, हमें बहुत चिंतित होना चाहिए कि चीन चंद्रमा पर उतर रहा है और कह रहा है यह अब हमारा है और आप बाहर रहें। अमेरिकी अंतरिक्ष



एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम एक सैन्य कार्यक्रम था और चीन ने दूसरों से विचारों और प्रौद्योगिकी की चोरी की थी।

इसके जवाब में चीन ने अमेरिका पर 'अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को अवरुद्ध करने का आरोप लगाते हुए नासा प्रमुख बिल नेल्सन पर उनके इस बयान के लिए निशाना साधा है कि चीन एक दिन चंद्रमा पर कब्जा कर उस पर अपने स्वामित्व का दावा कर सकता है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि नासा प्रशासक ने तथ्यों की अनदेखी करते हुए चीन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ''कुछ अमेरिकी अधिकारियों ने गैरजिम्मेदाराना तरीके से अपनी बात रखी है और चीन के सामान्य तथा वैध अंतरिक्ष संबंधी प्रयासों को गलत तरह से पेश किया है। चीन ऐसे बयानों को पूरी तरह खारिज करता है। लिजियान ने अमेरिका पर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को बाधित करने का आरोप लगाया।

नेल्सन ने हाल में जर्मन अखबार बिल्ड को दिये साक्षात्कार में कहा, ''हमें चीन के चंद्रमा पर पहुंचने को लेकर और उसके इस कथन के बारे में बहुत चिंतित होना चाहिए कि यह अब पीपल्स रिपब्लिक का है और अन्य सभी को इससे अलग रहना चाहिए।

## चीन ने 2 साल बाद शुरू कीं अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें, लिस्ट से भारत का नाम गायब

**बीजिंग।** कोरोना महामारी के कहर के बीच प्रतिबंधों के चलते चीन ने फिर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की अनुमति दे दी है लेकिन इस लिस्ट से फिलहाल भारत का नाम गायब है। हालांकि, चीन ने पिछले महीने भारतीय पेशेवरों और उनके परिवारों के लिए वीजा प्रतिबंध हटा लिया है, लेकिन उसने भारत के लिए हवाई सेवाओं को फिर से शुरू करने का कोई संकेत नहीं दिया है। बता दें कि पिछले दो साल से चीन ने अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर प्रतिबंध लगाया हुआ था।

चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक इसके अलावा चीन ने दूसरे देशों से आने वाले लोगों के लिए निर्धारित होटलों में पृथकवास की अवधि को घटाकर सात दिन कर दिया है। साथ ही




वह इस प्रक्रिया को और सुसंगत करने का प्रयास कर रहा है। 'ग्लोबल टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फैसले से चीन को जोड़ने वाली उड़ानों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। विशेषरूप से अमेरिका को जोड़ने वाली उड़ानों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसके अलावा चीन से दूसरे देश जाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सप्ताह की शुरुआत में 2,025 यात्री उड़ानें फिर से शुरू होने वाली हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर, 2020 से चीन और भारत के बीच कोई नियमित उड़ान नहीं है और दोनों देशों के बीच अभी तक कोई उड़ान अधिसूचित नहीं हुई है।

चीन ने पिछले महीने विभिन्न चीनी शहरों में काम करने वाले ऐसे भारतीयों जो दो साल से भारत में ही फंसे हुए हैं, के लिए दो साल के वीजा प्रतिबंध को हटा दिया है। लेकिन इन पेशेवरों के लिए चीन जाना काफी मुश्किल है, क्योंकि अभी दोनों देशों के बीच किसी उड़ान का परिचालन नहीं हो रहा है।

## रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र को अत्याधुनिक तकनीक आपूर्ति के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

**मास्को।** रूस की LUCH साइंटिफिक प्रोडक्शन एसोसिएशन (विज्ञान और नवाचार JSC का हिस्सा, रोसाटॉम स्टेट कॉरपोरेशन की R & D यूनिट, रूसी परमाणु प्रमुख) ने भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की चार बिजली इकाइयों के लिए थर्मोकपल की आपूर्ति



के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। थर्मल नियंत्रण के लिए NPP प्रक्रिया उपकरणों के डिज़ाइन किए गए नए सेंसर 1 और 2 इकाइयों के आंतरिक रिएक्टर नियंत्रण प्रणाली के KNPP के पुराने सिस्टम को बदल देंगे। उच्च सटीकता प्रतिरोध थर्मोकपल इन-रिएक्टर नियंत्रण प्रणाली का एक महत्वपूर्ण तत्व है। उनकी स्थिर कार्यप्रणाली परमाणु रिएक्टर उपकरणों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करती है। ये थर्मोकपल्स प्राथमिक तापमान मापने वाले ट्रांसड्यूसर हैं जिन्हें बाहरी प्रभावकारी कारकों की स्थितियों के तहत मुख्य परिसंचरण पाइपलाइन के 'गर्म' और 'ठंडे' स्ट्रिंग में शीतलक के तापमान को मापने के लिए डिज़ाइन किया गया है।बता दें कि रूस ने तमिलनाडु में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में छठे रिएक्टर का निर्माण शुरू कर दिया है। 6 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद यह शुरुआत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी परमाणु इंजीनियरिंग कंपनी एटमैश केएनपीपी में यूनिट नंबर 6 के लिए परमाणु रिएक्टर और स्टीम जनरेटर का निर्माण कर रही है। रूसी कंपनी रोसाटॉम कुडनकुलम संयंत्र के लिए टेक्नोलॉजी मुहैया करा रही है, जिसमें प्रत्येक में 1,000 मेगावाट क्षमता की 6 यूनिट्स हैं।

## काली पोस्टर विवाद: कनाडा के संग्रहालय ने जताया खेद, भारतीय उच्चायोग ने की आपत्तिजनक सामग्री हटाने की अपील

**टोरंटो।** ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा कनाडाई प्राधिकारियों से लघु फिल्म 'काली' से जुड़ी सभी आपत्तिजनक सामग्री को लेकर विरोध जताने के बाद टोरंटो स्थित आगा खान संग्रहालय ने हिंदू देवताओं के अनुचित चित्रण के लिए हिंदू समुदाय और अन्य धर्मों के सदस्यों से अनजाने में हुए अपराध करने के लिए गहरा खेद व्यक्त किया है। भारतीय उच्चायोग ने कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से वहां प्रदर्शित लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के 'अपमानजनक चित्रण' को लेकर शिकायतें मिलने के बाद ये पोस्टर हटाने की अपील की है। है। दरअसल, टोरंटो में रहने वाली फिल्मकार लीना मणिमेकलई ने शनिवार को ट्विटर पर अपनी लघु फिल्म 'काली' का पोस्टर साझा किया था, जिसमें हिंदू देवी को धूम्रपान करते और हाथ में एलजीबीटीक्यू समुदाय का झंडा थामे हुए दिखाया गया है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद मणिमेकलई पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लगने लगे। यही नहीं, सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ 'अरेस्ट लीना



मणिमेकलई' (लीना मणिमेकलई को गिरफ्तार करो) हैशटैग ट्रेंड करने लगा। वहीं, 'गौ महासभा' नामक समूह के एक सदस्य ने बताया कि उसने दिल्ली पुलिस में मणिमेकलई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की ओर से सोमवार को जारी बयान में कहा गया है कि उसे कनाडा में मौजूद हिंदू समुदाय के नेताओं से उस लघु फिल्म के पोस्टर में हिंदू देवी के 'अपमानजनक चित्रण' को लेकर शिकायतें मिली हैं, जिसका 'अंडर द टेंट' प्रोजेक्ट के तहत टोरंटो के आगा खान संग्रहालय में प्रदर्शन किया गया था। बयान के मुताबिक, 'टोरंटो में हमारे महावाणिज्य दूतावास ने कार्यक्रम के आयोजकों को इन चिंताओं से अवगत कराया है। हमें यह भी जानकारी मिली है कि कई हिंदू संगठनों ने मामले में कार्रवाई के लिए कनाडाई अधिकारियों से संपर्क किया है।' इसमें कहा गया है, 'हम कनाडाई अधिकारियों और कार्यक्रम के आयोजकों से इस तरह की भड़काऊ सामग्री को वापस लेने का आग्रह करते हैं।'

तमिलनाडु के मदुरै में जन्मी मणिमेकलई ने सोमवार को कहा कि वह जब तक जिंदा हैं, तब तक बेखौफ होकर अपनी आवाज का इस्तेमाल करती रहेंगी। विवाद पर प्रकाशित एक लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए मणिमेकलई ने ट्वीट किया, 'मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं जब तक जिंदा हूं, एक ऐसी आवाज के साथ जीना चाहती हूं, जो मेरे मन की बात को बेखौफ होकर कह सके। अगर इसकी कीमत मेरी जिंदगी है तो मैं इसे चुका सकती हूं।' एक अन्य लेख के जवाब में उन्होंने लिखा, 'यह फिल्म एक शाम को टोरंटो की सड़कों पर घूमने के समय 'काली' के सामने घटी घटनाओं को दर्शाती है। अगर वे फिल्म देखेंगे तो 'अरेस्ट लीना मणिमेकलई' के बजाय 'लव यू लीना मणिमेकलई' (हम आपसे प्यार करते हैं लीना मणिमेकलई) हैशटैग का इस्तेमाल करेंगे।

## तालिबान ने खोद निकाली अपने आका मुल्ला उमर की कार

**काबुल।** तालिबान लड़ाकों ने अपने संस्थापक मुल्ला उमर की कार को 21 साल बाद जमीन से खोदकर बाहर निकाला है। यह वही कार है, जिससे मुल्ला उमर अमेरिका से बचने के लिए भागा था और कंधार से जाबुल तक आया था। इसके बाद इसे जमीन में गाड़कर गायब हो गया था। जानकारी के मुताबिक, इस कारण को जाबुल प्रांत की ही एक जगह से निकाला गया है। अब इसे अफगानिस्तान के नेशनल म्यूजियम में रखा जाएगा। 9/11 हमलों के बाद अमेरिका ने तालिबान को सबक सिखाने केलिए अफगानिस्तान पर अटैक किया था। इन हमलों से बचने के लिए मुल्ला उमर इधर से उधर भागा-भागा घूम रहा था। वह अपनी टोयोटा कार से कंधार से जाबुल तक आया था और इसके बाद वह किसी को नहीं मिला। जिस कार को जाबुल से निकाला गया है, वह टोयोटा कार ही है। इसके फोटो भी वायरल हो रहे हैं।

# ब्रिटिश पीएम की रेस में सबसे आगे ऋषि सुनक:4 मंत्रियों के इस्तीफे के बाद बोरिस जॉनसन पर कुर्सी छोड़ने का दबाव, अब दौड़ में 6 नाम

**लंदन।** ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने देर रात इस्तीफा दे दिया। दोनों मंत्रियों ने जॉनसन सरकार में हो रहे घोटालों को इस्तीफे की वजह बताया। वहीं, बुधवार को चिल्ड्रन एंड फैमिली मिनिस्टर विल क्विंस और पार्लियामेंट प्राइवेट सेक्रेटरी लॉरा ट्रॉट ने भी रिजाइन कर दिया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

टोरी पार्टी में जगह बनाई। उन्होंने यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने की बोरिस जॉनसन की रणनीति का समर्थन किया था।




लोकप्रियता के बावजूद सुनक को पत्नी अक्षता पर लगे टैक्स चोरी के आरोपों के चलते आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। दरअसल, अक्षता के पास ब्रिटिश नागरिकता नहीं हैं। ब्रिटिश कानून के मुताबिक अक्षता को ब्रिटेन के बाहर से होने वाली कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। ब्रिटिश नागरिकों को यह टैक्स देना पड़ता है। इस वजह से सुनक और अक्षता पर सवाल उठे। इतना ही नहीं वित्त मंत्री के तौर पर सुनक ने ब्रिटिश नागरिकों पर टैक्स का बोझ बढ़ा दिया था।

**लिज ट्रस**

46 साल की लिज ट्रस का पूरा नाम एलिजाबेथ मैरी ट्रस है। वे साउथ वेस्ट नॉर्थफोक की सांसद हैं। लिज ट्रस फॉरेन कॉमन वेल्थ एंड डेवलपमेंट अफेयर्स की सचिव हैं। इस समय ट्रस पार्टी के लोगों में काफी पॉपुलर हैं। 46 साल की ट्रस ने जॉनसन सरकार में दो साल इंटरनेशनल ट्रेड सेक्रेटरी के तौर पर काम किया है। इसके अलावा उन्हें पिछले साल ही यूरोपियन यूनियन के साथ बातचीत करने के प्रमुख अधिकारी के तौर पर अपॉइंट किया है।

**जेरेमी हंट**

55 साल के फॉरेन सेक्रेटरी 2019 के चुनाव में दूसरे सबसे प्रचलित नेता थे। सरकार में काम करते हुए उनकी पब्लिक इमेज बेदाग रही है। पार्टी के लोगों को विश्वास है कि जेरेमी बिना किसी कॉन्ट्रोवर्सी और गंभीरता के साथ सरकार चलाएंगे।

**नदीम जाहवी**

जॉनसन ने नादिम जाहवी को नया वित्त मंत्री नियुक्त किया है। इन सभी दावेदारों में से नदीम जाहवी सबसे अलग हैं। दरअसल, नदीम बचपन में ईराक से शरणार्थी बनकर ब्रिटेन आए थे। 2010 में वे पहली बार ब्रिटेन की संसद पहुंचे थे। जाहवी ने हाल ही में बयान दिया- अगर मुझे ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुना जाता है, तो ये मेरी खुशनसीबी होगी।

**पेनी मॉर्डेंट**

पूर्व डिफेंस मिनिस्टर भी अगली प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल हैं। पेनी को पिछले चुनावों में हंट का समर्थन करने के लिए जॉनसन ने सरकार से बर्खास्त कर दिया था। पेनी यूरोपियन यूनियन छोड़ने का समर्थन करने वालों में सबसे आगे थीं। जब ब्रिटेन में यूरोप यूनियन छोड़ने के मुद्दे पर जब पूरे ब्रिटेन में मामला गर्माया हुआ था, तो पेनी ने एक ईवनिंग टीवी शो में भाग लिया था। इससे उन्होंने खूब सुर्खियां बटोरीं।

**बेन वॉलेस**

बेन ब्रिटेन के डिफेंस मिनिस्टर हैं। उन्होंने ब्रिटिश सेना में सेवाएं भी दी हैं। रूस-यूक्रेन जंग के बाद ब्रिटेन के रुख को लेकर वे चर्चा में आए।

यूक्रेन को सैन्य मदद पहुंचाने में उनका अहम रोल था। 1999 में उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ। 2005 में संसद पहुंचे। 2016 में बेन सिक्योरिटी मिनिस्टर थे। अफगानिस्तान से ब्रिटिश नागरिकों को बाहर निकालने में उनका अहम योगदान था।

# अमेरिका-यूरोप में गर्मी और सूखे की मार

### बाढ़ से बेहाल हुआ ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और पुर्तगाल में 1200 साल का भीषण सूखा

**रोम/सिडनी/ओटावा।** अमेरिका से लेकर यूरोप तक कई देश भीषण गर्मी और सूखे से बेहाल हैं। कनाडा और अमेरिका में अलास्का, कैलिफोर्निया समेत राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के चलते जंगल की आग ने इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस साल एरिजोना और दक्षिणी कैलिफोर्निया में जंगलों की आग की जद में करीब 7 लाख एकड़ का इलाका आ चुका है।

आग के कारण 11 करोड़ लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं। 900 एकड़ इलाका तो सोमवार को ही खाक हो गया। अमेरिका के साथ कनाडा के कई इलाकों में पारा 35 डिग्री के पार चला गया है, जो जुलाई के महीने में रिकॉर्ड है। इधर, यूरोप में गर्मी का कहर जारी है। स्पेन और पुर्तगाल में सबसे भीषण गर्मी पड़ रही है। एक रिसर्च में सामने आया कि दोनों देशों में 1200 साल में पहली बार इतना भीषण सूखा देखा है।

**इटली में इमरजेंसी का ऐलान, सबसे लंबे जलमार्ग वाली नदी में 85त्न घटा पानी**

उधर, इटली की सरकार ने बीते लंबे समय से चल रही लू और भयंकर सूखे की स्थिति से निपटने के लिए आपातकाल की घोषणा कर दी है। इटली के सबसे लंबे जलमार्ग पो नदी में पानी सामान्य जल स्तर से 85त्न नीचे चला गया है। देश में इमरजेंसी एक साल लागू रह सकती है।

**गर्मी की मार से अनाज उत्पादन घटा**

गर्मी का सीधा असर कृषि पर पड़ा है। स्पेन के प्रमुख राज्य इबेरियन में खाद्यान्न उत्पादन एक



चौथाई पर आ गया है। पर्यटक गतिविधियां भी इस शताब्दी के निचले स्तर पर हैं। इसी तरह नॉर्वे समेत कई स्कैंडेवियन देशों में गर्मी ने परेशानी बढ़ाई है।

**ऑस्ट्रेलिया का दर्द- इस बार की बाढ़ 2021 से भयावह**

ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा राज्य न्यू साउथ वेल्स बाढ़ से बेहाल है। इस महीने में बीते चार दिनों में वहां 20 सेमी बारिश हो चुकी है। न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी और उसके आसपास के कई इलाके करीब चार दिन से जारी भारी बारिश के बाद डूबे हुए हैं।

हजारों लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई। 5300 लोगों ने सोमवार को बचाव दल से मदद की गुहार लगाई। बाढ़ से कई जगह कारों और ट्रकों में ड्राइवर फंस गए। इस बाढ़ ने बीते साल मार्च में आई बाढ़ को भी पीछे छोड़ दिया है।

**यूरोप के 1 तिहाई क्षेत्र में 250 साल का भीषण सूखा**

यूरोप मौजूदा वक्त में सबसे भीषण सूखे की जद हैं। जर्मनी, फ्रांस, चेक गणराज्य समेत यूरोप का एक तिहाई हिस्सा इससे जूझ रहा है। 250 सालों में 2018 से 2020 का वक्त सूखे के लिहाज से सबसे खराब रहा। इन 33 महीनों में हवा में औसत तापमान 2.8 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया।

1766 से दर्ज डेटा में यह वक्त सबसे गर्म और कहर ढाने वाला साबित हुआ। उच्च तापमान और कम बारिश से जमीन सूख गई।